

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल




■ ग्वालियर ■ वर्ष : 2 ■ अंक : 08

ग्वालियर, सोमवार 03 अक्टूबर, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## खास खबर



### महागौरी माता

मां दुर्गा के आठवें स्वरुप को महागौरी कहा जाता है। दुर्गा अष्टमी के दिन मां महागौरी की पूजा-आराधना की जाती है। पौराणिक कथा के अनुसार इन्होंने भगवान शिव को पति रुप में प्राप्त करने के लिए कठिन तपस्या की थी जिसके कारण इनका शरीर काला पड़ गया था। भगवान शिव ने प्रसन्न होकर इन्हें गौरवर्ण प्रदान किया इसलिए ये महागौरी कहलाईं। ये श्वेत वस्त्र और आभूषण धारण करती हैं इसलिए इन्हें श्वेताम्बरधरा भी कहा जाता है। इनकी चार भुजाएं हैं। दाहिनी और का ऊपर वाला हाथ अभय मुद्रा में रहता है तो वहीं नीचे वाले हाथ में मां त्रिशूल धारण करती हैं। बाईं ओर के ऊपर वाले हाथ में डमरु रहता है तो नीचे वाला हाथ वर मुद्रा में रहता है। इनकी पूजा से पूर्वसंचित पापकर्म भी नष्ट हो जाते हैं। ये अमोघ फलदायिनी हैं और भक्तों का कल्याण करती हैं।

### मंदी से आमदनी घटने और गरीबी बढ़ने का अंदेशा, भारत की ग्रोथ पर भी दिखने लगा असर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्या दुनिया डेढ़ दशक में तीसरी बार मंदी की ओर बढ़ रही है? आज के इंग्लैंड का हाल इस सवाल का जवाब है। डेनमार्क के इन्वेस्टमेंट बैंक, सैक्सो बैंक के विश्लेषक क्रिस्टोफर डेम्बिक ने अगस्त के दूसरे हफ्ते में कहा था कि इंग्लैंड की हालत काफी हद तक विकासशील देश जैसी हो गई है। डेम्बिक के अनुसार, 'सिर्फ एक पैमाना बचा है जो इंग्लैंड को विकासशील देशों में शुमार करने से रोकता है, और वह है उसकी करेंसी पौंड। डांवाडोल आर्थिक हालत के बावजूद पौंड मजबूत बना हुआ है।' लेकिन पिछले सोमवार को वह पैमाना भी टूट गया और डॉलर की तुलना में पौंड रिकॉर्ड निचले स्तर पर चला गया। डेम्बिक का कोई नया बयान तो नहीं आया, लेकिन अंतरराष्ट्रीय निवेशक कभी सुरक्षित समझे जाने वाले ब्रिटिश पौंड को बेचकर अमेरिकी डॉलर खरीद रहे हैं। जिस ब्रिटिश साम्राज्य का सूरज कभी अस्त नहीं होता था, उसकी मौजूदा हकीकत यही है। बैंक ऑफ इंग्लैंड ने कहा है कि दिसंबर तिमाही में देश मंदी में प्रवेश कर जाएगा। उसने 2025 तक निगेटिव ग्रोथ रेट यानी मंदी का अंदेशा जताया है। सिर्फ इंग्लैंड नहीं, यूरोप के अनेक देशों की अर्थव्यवस्था खस्ताहाल होती जा रही है। पहले कोरोना संकट, फिर रूस-यूक्रेन युद्ध और अब इन दोनों के कारण रिकॉर्डतोड़ महंगाई ने दुनिया को एक बार फिर मंदी के मुहाने पर ला दिया है।

### ईरानी संसद में लगे नारे; हिजाब विरोधी प्रदर्शन जारी, स्पीकर बोले- सरकार गिराने के लिए चल रहा आंदोलन

दुबई, एजेंसी। हिजाब विरोधी आंदोलन ईरान के साथ कई देशों में भी जारी है। वहीं, ईरान सरकार का मानना है कि पुलिस की सख्ती से समाज में आंदोलन कमजोर पड़ता जा रहा है। रविवार को संसद सत्र के दौरान सांसदों ने प्रदर्शनकारियों के विरुद्ध सख्ती करने के लिए 'शुक्रिया पुलिस' के नारे लगाए। ईरानी स्टेट मीडिया द्वारा एक बहुप्रसारित वीडियो में संसद सत्र के दौरान सांसद ईरान के सवोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामनेई के समर्थन में 'हमारी नसों में बह रहा खून हमारे नेता के लिए उपहार है', का नारा लगाते दिखाई दे रहे हैं। वहीं, एपी के अनुसार, संसद के स्पीकर मोहम्मद बगहर क्वालीबाफ ने रविवार को चेतावनी दी कि महसा अमीन की मौत के बाद जारी विरोध प्रदर्शन देश को अस्थिर कर सकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदर्शन का उद्देश्य सरकार को गिराना है, जबकि पहले चल रहा शिक्षकों का आंदोलन सुधार करने को लेकर था। उल्लेखनीय है कि हिजाब न पहने के आरोप में गिरफ्तार कुर्दिश युवती महसा अमीनी की पुलिस की हिरासत में मौत के बाद शुरू हुए प्रदर्शन के बीच अन्य अलगाववादी सशस्त्र विद्रोहियों ने भी संघर्ष छेड़ दिया है।

## शिवराज ने लिया नशामुक्त प्रदेश बनाने का संकल्प

# हुक्का लाउंज पर चलेंगे बुलडोजर, जल्द आएगा नशामुक्ति ऐप

**भोपाल ब्यूरो।** नशा मुक्ति अभियान की शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ऐलान किया कि अब हुक्का लाउंज जैसी चीज नहीं चलेगी. जरूरत पड़ी तो बुल्डोजर चला देंगे. अवैध नशे के कारोबारी पर अब कठोर कार्रवाई होगी. हम अपनी आबकारी नीति ऐसी बनाएंगे जिसके कारण नशे को बढ़ावा ना मिले. मैं नहीं मानता की राजस्व को जमा करने के लिए हम समाज को बर्बाद करें. हम अपनी आबकारी नीति इस तरह बनाएंगे की समाज को कोई नुकसान ना हो. मंच पर उमा भारती ने शिवराज को राजा जनक की तरह बताया. साथ ही शिवराज सिंह को संत कहकर सम्बोधित किया. वह बोलीं शिवराज सिंह ऐसे हैं जो राज भी करते हैं और संत जैसा जीवन जीते हैं।

प्रदेश में नशामुक्ति अभियान की शुरुआत दो अक्टूबर से महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के साथ शुरु हो गई है. यह अभियान आगामी 30 नवंबर तक जारी रहेगा. नशामुक्ति अभियान की शुरुआत लाल परेड ग्राउंड से एक सार्वजनिक कार्यक्रम में मंच से की गई. जिसमें शिवराज ने कहा कि राज्य शासन ने प्रदेश को नशे से मुक्त करने के लिए प्रदेशव्यापी नशामुक्ति अभियान चलाने का निर्णय लिया है. हम अपनी आबकारी नीति ऐसी बनाएंगे.जिसके कारण नशे को बढ़ावा ना मिले. हम अपनी आबकारी नीति इस तरह बनाएंगे की समाज को कोई नुकसान ना हो. सीएम ने कहा कि हुक्का लाउंज जैसी चीज नहीं चलेगी. अवैध नशे के कारोबारी पर अब कठोर कार्रवाई होगी.



### इंसान की जिंदगी बचानी है

शिवराज बोले, नशा करने से कोई फायदा नहीं है, नुकसान ही नुकसान है. नशा करना ही क्यूँ है. शुरुआत ऐसे ही होती है, कि एक बार पीकर तो देख लो. इसके बाद मकड़जाल में उलझते चले जाते हैं. इसके बाद जिंदगी बर्बाद होती है. इंसान की जिंदगी को बचाना और बनाना हमारा काम है. उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री की ओर देखते हुए कहा कि उमा दीदी आप प्रेरणा है. मैं आश्वस्त करता हूँ की प्रदेश को नशा मुक्त बनाकर रखेंगे. प्रदेश का जनसंख्या रेशियो सुधरता जा रहा है. हम आज संकल्प लेने के लिए आए है. प्रदेश के गाँव गाँव में खेल प्रतियोगिता के आयोजन के लिए योजना बनाएंगे. जल्द ही मध्य प्रदेश में लॉच होगा नशा मुक्ति ऐप.।

### उमा ने की बाबा रामदेव की तारीफ

उमा भारती ने बाबा रामदेव की तारीफ की. वह बोलीं-नशे और शराब को जब जन आंदोलन बनाएंगे तो नशे और शराब से मुक्ति जरूर मिलेगी. इसके लिए दस साल का इंडेक्स निकाल कर देखना होगा की नशे के वजह से कितने क्राइम हो रहे है. नियमित वितरण प्रणाली शराब की योजना बने. लड़कियों से अपील करूंगी ऐसे लड़के से कभी शादी मत करना जो नशा करता हो. लड़कियों को तय करना पड़ेगा. दहेज के खिलाफ खड़ा होना होगा. माँ बाप से कहे की दहेज का पैसा हमारी पढ़ाई में लगाए. सरकार तय करे जो आदमी शराब पी कर सड़कों पर दिखे, उसे तुरंत जेल में बंद करे. फिर वह चाहे कोई भी हो।

## ये भी सोचो कि बगावत क्यों हुई : गहलोत बोले - आखिर 102 विधायक भड़के क्यों?

### यह रिसर्च का विषय कि उनमें इतना भय क्यों था, बिना नाम लिए पायलट पर निशाना

जयपुर, एजेंसी । राजस्थान में सात दिन पहले गहलोत समर्थक विधायकों ने विधायक दल की बैठक का बहिष्कार कर दिया था। इससे उठे बवाल के बाद पार्टी में अब भी अंदरखाने सियासत गर्मा रही है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ऑब्जर्वर बनकर आए मल्लिकार्जुन खड़गे और अजय माकन पर अब इशारों में सवाल उठाए हैं।

गहलोत ने रविवार को कहा- जब यह लगा कि मैं अध्यक्ष बन जाऊंगा तो नया सीएम आएगा। इससे 102 विधायक इस कदर भड़क गए कि उन्होंने किसी की नहीं मानी। उन्हें इतना क्या भय था? ऐसा क्यों हुआ, क्या कारण रहे, इस पर तो रिसर्च करना चाहिए। ऑब्जर्वर को भी चाहिए कि वे कांग्रेस अध्यक्ष की सोच, व्यवहार के ढंग से काम करें, ताकि वह ऑरा बना रहे। राजस्थान का केस अलग हो गया। यह तो हिस्ट्री में लिखा जाएगा।

गहलोत बोले- डोटासरा ने विधायकों को मनाने की कोशिश की



राजस्थान कांग्रेस के विवाद पर गहलोत ने कहा- हाईकमान का आदेश होने के बाद एक लाइन का प्रस्ताव पारित करवाना हमारी परंपरा रही है। मैंने सोनिया गांधी से मिलकर कहा कि कांग्रेस विधायक दल का लीडर रहते मेरी जिम्मेदारी थी कि वह प्रस्ताव पारित करवाता, लेकिन वह नहीं हो पाया। पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने विधायकों से जाकर कहा कि आप चलिए। एक लाइन का प्रस्ताव पारित करने का तो कायदा होता है।

## 'भारत जोड़ो यात्रा' में शामिल हो सकती हैं सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा के शरीक होने पर असमंजस बरकरार

नई दिल्ली, एजेंसियां। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी भी 'भारत जोड़ो यात्रा' में शामिल हो सकती हैं। समाचार एजेंसी पीटीआइ ने सूत्रों के हवाले से बताया कि सोनिया गांधी छह अक्टूबर को कर्नाटक से इस यात्रा हिस्सा होंगी। हालांकि, यह अभी साफ नहीं हो पाया है कि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भी अपनी मां सोनिया गांधी के साथ इस यात्रा में शरीक होंगी या नहीं। मौजूदा वक्त में इस यात्रा का पड़ाव कर्नाटक में है। राहुल गांधी समेत पार्टी के दिग्गज नेता इसमें शामिल हैं।



**अब कर्नाटक में पड़ाव**

जब यह यात्रा शुरू हुई थी, उस समय वे चिकित्सा जांच के सिलसिले में विदेश में थीं। तमिलनाडु और केरल से गुजरने के बाद भारत जोड़ो यात्रा ने शुक्रवार को कर्नाटक में प्रवेश किया। राहुल गांधी के नेतृत्व में 21 दिनों तक कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता कर्नाटक में 511 किलोमीटर की यात्रा करेंगे। भाजपा शासित इस राज्य में अगले साल चुनाव होना है।

## गुजरात में केजरीवाल पर फेंकी बोतल: राजकोट में गरबा देखने गए थे दिल्ली के सीएम

अहमदाबाद, एजेंसी ।

गुजरात दौरे पर गए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर शनिवार रात को किसी ने प्लास्टिक की बोतल फेंक दी। हालांकि, केजरीवाल को बोतल लगी नहीं। पीछे से फेंकी गई बोतल उनके ऊपर से होते हुए दूसरी तरफ निकल गई। जिस जगह यह घटना हुई, वहां भीड़ थी इसलिए बोतल फेंकने वाले का पता नहीं चल सका।केजरीवाल दो दिन के गुजरात के दौरे पर हैं। शनिवार को वे राजकोट में खोडलधाम मंदिर में गरबा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत करते हुए जा रहे थे, उसी वक्त उन पर बोतल फेंकी गई। घटना का वीडियो भी वायरल हुआ है।



यह पहला मौका नहीं है, जब केजरीवाल पर सार्वजनिक तौर पर हमला हुआ हो। 2014 से लेकर अब तक उन्हें कई बार थप्पड़ जड़े गए। साथ ही उन पर जूते, अंडे, स्याही और लाल मिर्च भी फेंकी जा चुकी है।

## मुलायम सिंह की हालत नाजुक

गुरुग्राम, एजेंसी ।



समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मुलायम सिंह यादव की स्थिति गंभीर हो गई है. सांस लेने में दिक्कत होने की वजह से उन्हें गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल के आईसीयू-5 में शिफ्ट किया गया है. डॉक्टरों ने उन्हें वेंटिलेटर पर रखा है. समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव कई दिनों से यहां इलाज करवा रहे हैं. उन्हें आईसीयू में शिफ्ट करते वक्त भाई शिवपाल सिंह यादव और बेटे प्रतीक साथ थे. सिंह की तबीयत बिगड़ने पर डॉक्टर नरेश त्रेहन, डॉ. सुनीता, डॉ. मनोज और डॉ. अभिषेक ने उनका चेकअप किया।

दूसरी ओर, पिता की गंभीर हालत की जानकारी लगते ही उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव नई दिल्ली रवाना हो गए हैं. मुलायम सिंह यादव की बहू डिंपल यादव भी मेदांता पहुंच गई हैं. बताया जाता है कि सिंह का स्वास्थ्य लंबे समय से खराब चल रहा है. उनका परिवार तीन महीने पहले ही उन्हें इस अस्पताल में लाया है. यहां पूरे चेकअप के बाद उन्हें प्राइवेट अस्पताल में भर्ती किया गया था. रविवार सुबह तक सबकुछ ठीक था, लेकिन दोपहर को उन्हें अचानक सांस लेने में दिक्कत होने लगी।

## वायुसेना में आज शामिल होंगे स्वदेशी हल्के लड़ाकू हेलीकाप्टर

### भारतीय वायुसेना सोमवार को देश में विकसित हल्के लड़ाकू हेलीकाप्टर (एलसीएच) को औपचारिक रूप से अपने बेड़े में शामिल करेगी। वायुसेना के अधिकारियों ने बताया कि यह हेलीकाप्टर कई मिसाइलें दागने और हथियारों का इस्तेमाल करने में सक्षम है

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय वायुसेना सोमवार को देश में विकसित हल्के लड़ाकू हेलीकाप्टर (एलसीएच) को औपचारिक रूप से अपने बेड़े में शामिल करेगी। इससे वायुसेना की ताकत में और वृद्धि होगी क्योंकि यह बहुपयोगी हेलीकाप्टर कई मिसाइल दागने और हथियारों का इस्तेमाल करने में सक्षम है। एलसीएच को सार्वजनिक उपक्रम हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने विकसित किया है और इसे ऊंचाई वाले इलाकों में तैनात करने के लिए प्राथमिक रूप से डिजाइन किया गया है।

### किया जा चुका है परीक्षण

अधिकारियों ने रविवार को बताया कि इस हेलीकाप्टर को जोधपुर स्थित वायुसेना के ठिकाने पर आयोजित कार्यक्रम में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी की उपस्थिति में शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 5.8 टन वजन के और दो इंजन वाले इस हेलीकाप्टर से पहले ही कई हथियारों के इस्तेमाल का परीक्षण किया जा चुका है।



### 10 वायुसेना के लिए और पांच थल सेना के लिए होंगे हेलीकाप्टर

गौरतलब है कि इस साल मार्च में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडल समिति (सीसीएस) की बैठक में, स्वदेश विकसित 15 एलसीएच को 3,887 करोड़ रुपये में खरीदने की मंजूरी दी गई थी। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इनमें से 10 हेलीकाप्टर वायुसेना के लिए और पांच थल सेना के लिए होंगे।

# मध्यप्रदेश बना देश का सबसे स्वच्छ राज्य, इंदौर छठवीं बार देश का स्वच्छतम शहर

- राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने किया सम्मानित
- स्वच्छता शहर की उपलब्धियाँ गर्व का विषयः मुख्यमंत्री श्री चौहान

**भोपाल।** भारत सरकार द्वारा करवाये गये स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 में हर साल की तरह मध्यप्रदेश ने एक बार फिर स्वच्छता के कीर्तिमान स्थापित किये। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में आयोजित गरिमामय समारोह में मध्यप्रदेश को 100 से अधिक शहरों वाले राज्यों की श्रेणी में सबसे स्वच्छ राज्य और इंदौर को देश के स्वच्छतम शहर का अवार्ड प्रदान किया। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू ने इस उपलब्धि पर मध्यप्रदेश को बधाई दी। उन्होंने इंदौर को छठवीं बार स्वच्छतम शहर का अवार्ड मिलने पर कहा कि इंदौर शहर के जन-भागीदारी के प्रयासों को सभी को अपनाना चाहिये। सबसे स्वच्छ शहर का अवार्ड इंदौर सांसद शंकरलाल लालवानी और नगर निगम इंदौर की टीम तथा सबसे स्वच्छ प्रदेश का अवार्ड प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास मनीष सिंह एवं उनकी टीम ने प्राप्त किया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस उपलब्धि पर कहा कि प्रदेशवासियों के लिये यह गर्व का विषय है। उन्होंने नागरिकों का अभिनंदन करते हुए बधाई दी है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भी आभार मानते हैं, जिन्होंने स्वच्छता के संकल्प पर निरंतर मार्गदर्शन प्रदान किया।




नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने इस उपलब्धि पर नागरिकों, जन-प्रतिनिधियों और नगरीय निकायों के पूरे स्टॉफ को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि मुख्यमंत्री श्री चौहान के कुशल नेतृत्व के कारण मिली है। उन्होंने कहा कि पूरा विश्वास है कि प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व और मुख्यमंत्री श्री चौहान के कुशल मार्गदर्शन में हम सब मिल कर आगे भी इस तरह की उपलब्धियाँ हॉसिल करते रहेंगे। श्री सिंह ने नागरिकों से अपील की है कि इस उपलब्धि पर संकल्प लें कि आगे भी अपने शहर को स्वच्छ रखेंगे।

## भोपाल को देश की स्वच्छ संवहनीय राजधानी का अवार्ड

स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 में प्रदेश को 16 राष्ट्रीय अवार्ड मिले हैं। प्रदेश के 99 नगरीय निकायों को स्टार रेटिंग मिली है। वर्ष 2021 में 27 शहरों को मिली थी स्टार रेटिंग। भोपाल को 5 स्टार मिले और देश की स्वच्छ संवहनीय राजधानी का अवार्ड भी मिला। इंदौर प्रथम 7 स्टार रेटिंग प्रमाणित शहर बना। उज्जैन को एक लाख से अधिक जनसंख्या श्रेणी के शहरों में सर्वश्रेष्ठ नागरिक सहभागिता का सम्मान मिला। एक लाख से 3 लाख जनसंख्या के शहरों में देश का सिटीजन फीडबेक का अवार्ड छिंदवाड़ा को, 15 हजार से 25 हजार जनसंख्या श्रेणी में स्व-संवहनीय शहर का सम्मान पश्चिम जोन में मुंगावली को, पश्चिम जोन के 50 से से एक लाख जनसंख्या श्रेणी के शहरों में स्व-संवहनीय शहर का अवार्ड खुरई और देश के तीसरे सबसे स्वच्छ कैंट का अवार्ड महू कैंट को मिला है। इसी तरह पश्चिम जोन में 15 हजार से 25 हजार जनसंख्या श्रेणी में सबसे तेज बढ़ते शहर का अवार्ड औबेदुल्लागंज, 15 हजार से 25 हजार जनसंख्या श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ नवाचार का अवार्ड पेटलावद और एक लाख से कम जनसंख्या के शहरों में देश में सबसे अधिक नागरिक सहभागिता का अवार्ड बड़ौनी को मिला है।

## संतान के लिए टोटका करने का झांसा देकर विवाहिता के जेवर उड़ाए

**भोपाल।** राजधानी के टीला जमालपुरा थाना इलाके में संतान होने के लिए टोटका करने के बहाने एक अधेड़ महिला नवविवाहिता के सोने के जेवर लेकर चंपत हो गई। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपित महिला की तलाश कर रही है। टीला जमालपुरा थाना पुलिस के मुताबिक भोलेनाथ कालोनी निवासी 21 वर्षीय प्रांजलि पत्नी जितेंद्र पंथी घर में कपड़े सिलाई का काम करती है। प्रांजलि की शादी को दो वर्ष हो चुके हैं, लेकिन अभी उसे संतान सुख नहीं मिला है। प्रांजलि ने शिकायत में बताया कि शुक्रवार दोपहर को वह घर में कपड़े सिल रही थी। पति अपने काम पर गए थे। इस दौरान करीब 50 वर्ष की एक महिला भीख मांगने के बहाने आई। उसने प्रांजलि से पानी पिलाने को बोला। वह पानी लेकर घर के अंदर गई तो महिला घर के अंदर आकर बैठ गई। पानी पीने के बाद महिला ने प्रांजलि के सिर पर हाथ फिराते हुए आशीर्वाद दिया। साथ ही कहा कि जल्द ही उसको बच्चा भी हो जाएगा। इसके लिए एक उपाय करना होगा। प्रांजलि ने उससे उपाय पूछा तो महिला ने प्रांजलि से कान की बालियां और मंगलसूत्र उतारने को कहा। सोने के दोनों जेवर महिला ने प्रांजलि की आंखों के सामने एक पुड़िया में रख दिए। इसके बाद किसी बर्तन में कच्चे चावल लाने को बोला। प्रांजलि बर्तन में चावल भरकर ले आई। महिला ने जेवर की पुड़िया चावल में रख दी और कहा कि शाम को बर्तन में जेवर निकालकर चावल पकाकर खा लेना, इससे तुम्हें संतान सुख मिल जाएगा। शाम का प्रांजलि ने चावल में से पुड़िया निकाली तो उसने जेवर नहीं थे। घटना के बारे में उसने पति को फोन पर जानकारी दी। इसके बाद थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस धोखाधड़ी का केस दर्ज कर आरोपित महिला की तलाश कर रही है।

## आधी रात को घर में घुसकर 10वीं की छात्रा से दुष्कर्म

**भोपाल।** राजधानी के हबीबगंज थाना इलाके में आधी रात को घर में घुसकर 10वीं की छात्रा के साथ मोहल्ले के युवक ने दुष्कर्म किया। वह एक बार पहले भी किशोरी को डरा-धमकाकर दुष्कर्म कर चुका था। शिकायत मिलने पर पुलिस ने दुष्कर्म, पोक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। आरोपित फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। हबीबगंज थाना पुलिस के मुताबिक क्षेत्र में रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी 10वीं कक्षा की छात्रा है। मोहल्ले में रहने वाले राहुल ठाकुर उर्फ गया से उसका परिचय है। किशोरी ने शिकायत में पुलिस को बताया कि एक माह पहले उसके परिवार के लोग घर से बाहर गए थे। इस बात का पता चलने पर राहुल ने घर में आकर उसके साथ ज्यादती की थी। साथ ही किसी को घटना के बारे में नहीं बताने की धमकी देकर चला गया था। इससे वह बेहद डर गई। 18 सितंबर को रात दो बजे राहुल ने उसे घर की बालकनी में खड़े देख लिया था। कुछ देर बाद राहुल ने उसके घर का दरवाजा खटखटाया। उसने दरवाजा खोल दिया तो राहुल जबरन घर में घुस आया और जबरन उसे कमरे में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। साथ ही घटना के बारे में किसी को कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया था। उसने घटना के बारे में अपनी मां को बताया। इसके बाद शुक्रवार को किशोरी ने स्वजनों के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस दुष्कर्म का केस दर्ज कर आरोपित की तलाश कर रही है।

## लम्पी रोग की मप्र को 14 लाख गोट पाक्स वैक्सीन मिली

**भोपाल।** पशुओं के जानलेवा रोग से बचाव के लिए मध्यप्रदेश को केंद्र सरकार से 14 लाख गोट पाक्स वैक्सीन मिल गई है। वैक्सीन मिलने के बाद प्रदेश में पशुओं का टीकाकरण प्रारंभ हो गया है। पशुपालन विभाग ने इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, उज्जैन को केंद्रबिंदु मानकर टीकाकरण भी शुरू कर दिया है। 33 लाख (80 प्रतिशत ) पशुओं को टीका लगाया जाना है। इसके लिए पशु चिकित्सकों को वर्चुअल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ताकि टीकाकरण में देरी न हो। वहीं पशुपालन संचालनालय से साफ कर दिया है कि अभी तक भैंस वंशीय पशुओं पर इस रोग के लक्षण दिखाई नहीं दिए हैं। इसलिए पशुपालक घबराएं नहीं। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में 35 लाख से अधिक गोवंशी पशु हैं और 14 लाख टीके मिलने के बाद इतने ही की और जरूरत है, जो बाद में मिलेंगे।मैदानी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि प्रभावित गांव और उसके चारों तरफ प्राथमिकता से टीकाकरण कराएं। वहीं केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए निगरानी भी करें।

## तूफानी रफ्तारः 25 फीट दूरी तक उछलकर नाले में पलटी कार, एयर बैग खुलने से बची युवक की जान

**भोपाल।**



राजधानी में नर्मदापुरम रोड पर शनिवार देर रात करीब 12 बजे एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर नाले में जा गिरी। हादसा बरकतउल्लाह विवि के गेट के पास हुआ। कार में सवार युवक सुनसान सर्विस रोड पर तेजी से कार को दौड़ा रहा था, तभी अचानक सामने की ओर से एक कार आ गई। उससे बचने के चक्कर में चालक नियंत्रण खो बैठा और कार फुटपाथ के पत्थरों से टकराकर करीब 25 फीट दूर तक उछली और नाले में गिरते हुए पलट गई। गनीमत रही कि टक्कर होते ही कार में ड्राइवर सीट के एयरबैग खुल गए, जिससे युवक की जान बच गई। दुर्घटना में घायल युवक को राहगीरों ने बमुश्किल बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलने पर बागसेवनिया पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार क्रमांक एमपी04 ईसी 5016 का चालक सर्विस रोड पर तेज रफ्तार से एम्प्री से बागसेवनिया थाने की ओर जा रहा था। तभी बीयू के गेट के पास एक अन्य कार उसके सामने आ गई, जो बेहद कम फासले से टकराने से बची। इसके बाद चालक युवक कार पर से नियंत्रण बैठा। अनियंत्रित कार बीयू के गेट से 500 मीटर आगे फुटपाथ से टकराकर लगभग 25 फीट दूरी तक उछली और नाले में जाकर पलट गई। हादसा होते देख कुछ ही देर में मौके पर भीड़ जमा हो गई और जाम लग गया। उन्हीं में से कुछ लोगों ने नाले में उतरकर युवक को कार से निकाला। एयर बैग खुलने की वजह उसे ऊपरी तौर पर गंभीर चोटें नहीं आई। परिवहन पोर्टल के रिकॉर्ड के अनुसार कार चांदबड़ राजीव नगर में रहने वाले अमोल तिवारी के नाम रजिस्टर्ड है।

## गड्ढे में डूबने से हुई थी नन्?हे बालक की मौत, मछली पालक के खिलाफ केस दर्ज

**भोपाल।** राजधानी के कोहेफिजा थाना इलाके में 12 सितंबर की शाम को पानी से भरे गड्ढे में डूबने से तीन साल के एक बालक की मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने मछली पालने के लिए गड्ढा खोदने वाले व्यक्ति के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर लिया है। दरअसल उसने गड्ढा तो खोद लिया, लेकिन उसके आसपास सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए। इसी कारण बालक गड्ढे के पास जा पहुंचा था और उसमें गिरकर डूब गया। कोहेफिजा थाना पुलिस के मुताबिक मूलतः ग्राम गढ़ी, रायसेन के निवासी राजीव चावरिया, इंदौर में एक निजी फर्म में नौकरी करते हैं। श्राद्ध पक्ष के दौरान वह अपनी मां के श्राद्ध में शामिल होने के लिए पत्नी व दो बच्चों के साथ गढ़ी आए थे। कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वह 12 सितंबर को कार से इंदौर जाने के लिए निकले थे। इस बीच शाम करीब चार बजे वह कोहेफिजा की रामा कालोनी में रहने वाले अपने रिश्तेदार के घर मिलने पहुंचे। उनके साथ कार में दिव्यांग भतीजा भी था। वह भतीजे को कार से उतारने में व्यस्त हो गए थे। पत्नी के पास सामान के साथ गोद में छोटा बच्चा भी था। इस बीच उनका तीन साल का बेटा रेहांश कार से उतरकर अचानक गायब हो गया। पति-पत्नी ने आसपास के लोगों से बेटे के बारे में पूछताछ की। कुछ भी पता नहीं चलने पर मोहल्ले में तलाश शुरू की गई। इस दौरान पास ही एक पानी के गड्ढे में रेहांश को पड़ा देखा गया। उसे गड्ढे से निकालकर अस्पताल ले जाया गया। वहां चेक करने के बाद डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था। कोहेफिजा थाना प्रभारी विजय सिंह सिसोदिया ने बताया कि मामले की जांच के बाद रामा कालोनी में रहने वाले लोकेश बाथम के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। लोकेश ने मछली पालने के लिए घर के पास करीब आठ फीट गहरा गड्ढा खोद रखा था।

## बैरागढ़ में महिला एवं बाल अपराध रोकने पुलिस ने चलाया विशेष अभियान, प्रदर्शनी लगाई



**भोपाल।** राजधानी के उपनगर बैरागढ़ में महिला एवं बाल अपराध रोकने तथा साइबर क्राइम से कैसे बचें, लोगो को इसके बारे में जागरूक करने के लिए उद्देश्य से विशेष अभियान शुरू किया गया है। सिंधी मेला समिति द्वारा सुंदरवन नर्सरी में आयोजित सांस्कृतिक गरबा महोत्सव स्थल पर ही पुलिस ने प्रदर्शनी लगाई है इसमें सभी को जागरूक किया जा रहा है। महिला सुरक्षा शाखा में तैनात सब इंस्पेक्टर सुनीति सिंह ने बताया कि डीसीपी हेडक्वार्टर विनीत कपूर के मार्गदर्शन में लोगों को जागरूक करने का अभियान शुरू किया गया है। हाल ही में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने चेतना अभियान शुरू किया था। इसी अभियान के तहत पुलिस सभी को जागरूक कर रही है। प्रदर्शनी में पोस्टर लगाकर साइबर क्राइम से बचने की जानकारी दी जा रही है। साथ ही मानव दुर्व्यापार क्या है, इसके बारे में भी बताया जा रहा है। प्रदर्शनी स्थल पर बड़ी संख्या में गरबा प्रतिभागी पहुंचे। पुलिस ने उन्हें नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बताया और अपराधों की रोकथाम को लेकर पूरी जानकारी दी। मेला समिति के मीडिया प्रभारी हरीश मेघानी ने भी गरबा प्रतिभागियों से प्रदर्शनी स्थल पर पहुंचकर जागरूक रहने की अपील की। सब इंस्पेक्टर सुनीति सिंह ने मंच से ही प्रस्तुति देकर सभी को जागरुक रहने का आह्वान किया।

### मानव दुर्व्यापार के खिलाफ आवाज उठाएं

मेला स्तर पर लगाई गई प्रदर्शनी के माध्यम से बच्चों को मानव दुर्व्यापार के खिलाफ आवाज उठाने की अपील की गई तथा बताया गया कि मानव दुर्व्यापार क्या है। सुनीति के अनुसार बच्चों से भीख मंगवाना, अश्लील सामग्री तैयार करवाना, जबर्दस्ती काम करवाना, महिलाओं, बच्चों को गुमराह कर उनसे बंधुआ मजदूरी करवाना, महिलाओं, बालिकाओं को खरीद-फरोख्त से जबरन शादी कराना, नौकरी तथा रोजगार का लालच देकर अपने चंगुल में फंसाना आदि को मानव दुर्व्?यापार माना गया है। यह दंडनीय अपराध है।

## आज सप्तमी तिथि पर करें मां कालरात्रि की पूजा

### दूर रहेंगी बुरी शक्तियां, मिटेगा कष्ट

**भोपाल।** नवरात्र पर्व का आज सातवां दिन है और आज सप्तमी तिथि को मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना की जाती है। पौराणिक ग्रंथों के मुताबिक असुरों का वध करने के लिए मां पार्वती ने कालरात्रि का रूप धारण किया था। मान्यता है कि मां कालरात्रि की सच्चे मन से पूजा-अर्चना करने वाले साधकों को भूत, प्रेत या बुरी शक्ति का डर नहीं सताता। मां कालरात्रि अपने भक्तों की काल से रक्षा करती हैं, अर्थात उनकी अकाल मृत्यु नहीं होती। मां कालरात्रि दुष्टों और शत्रुओं की संहारक हैं। मां कालरात्रि की पूजा करने से व्यक्ति को तमाम पापों से मुक्ति मिल जाती है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को सदैव शुभ फल प्रदान करती हैं। इसलिए इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां जगदंबा का कालरात्रि स्वरूप अत्यंत रौद्र है। इनका रंग काला है और बाल लंबे और बिखरे हुए हैं। मां के गले में माला है, जो बिजली की भांति चमकती रहती है। मां कालरात्रि की चार भुजाएं हैं। मां के दो हाथों में खड्ग और कांटा है। एक हाथ वर मुद्रा में और एक अभय मुद्रा में है। सुबह ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करें और लाल रंग के वस्त्र धारण करें। माता को लाल रंग प्रिय है। मां कालरात्रि के पूजन का लें। मां को रोली-कुंकुम लगाएं, लाल पुष्प चढ़ाएं। नींबू की माला पहनाएं। मातारानी के आगे तेल का दीपक जलाएं।



## राजधानी से बादल हुए रुखसत, बदले धूप के तेवर

### शाम ढलने के बाद वातावरण में बढ़ जाती है ठंडक

**भोपाल।** राजधानी के आसमान से बादल रुखसत हो गए हैं और सुबह से ही धूप निकलने लगी है। धूप के तेवर दोपहर तक और तल्ख हो जा रहे हैं। वहीं शाम ढलते ही वातावरण में ठंडक का अहसास भी होने लगा है। कुल मिलाकर लोगों को मौसम का मिला-जुला लुत्फ उठाने को मिल रहा है। बंगाल की खाड़ी में एवं उत्तर प्रदेश पर हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात मौजूद हैं। इस वजह से मिल रही कुछ नमी से बीच-बीच में आंशिक बादल भी आ जाते हैं। उधर शाम के समय हवाओं का रुख उत्तरी एवं उत्तर-पश्चिमी हो जाता है। इस वजह से शाम ढलने के बाद वातावरण में ठंडक बढ़ जाती है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक शनिवार को भी शहर का अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना रहने की संभावना है। उधर पिछले 24 घंटों के दौरान रतलाम में नौ, उज्जैन में पांच, खरगोन में 3.2, इंदौर में 2.2, धार में 0.6 मिलीमीटर वर्षा हुई। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक वर्तमान में बंगाल की खाड़ी में हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात बना हुआ है। उत्तर प्रदेश पर भी हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात बना हुआ है। इस वजह से आ रही नमी के कारण मध्य प्रदेश में कहीं-कहीं छिटपुट वर्षा हो रही है। हालांकि वातावरण में नमी काफी कम रहने के कारण राजधानी का मौसम साफ हो गया है। धूप निकलने के कारण दिन के तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी होने लगी है। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला के अनुसार, नमी कम होने के कारण शहर में दिन का तापमान बढ़ रहा है। अभी दो दिन तक मौसम का मिजाज इसी तरह बना रहने का अनुमान है। उसके बाद नमी बढ़ने के कारण बादल छाने लगेंगे। इस वजह से तापमान में भी गिरावट होने लगेगी। शहर का अधिकतम तापमान 33.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। जो सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस अधिक रहा था। साथ ही यह गुरुवार के अधिकतम तापमान 33.3 डिग्री सेल्सियस की तुलना में 0.6 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा था। न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। जो सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। साथ ही यह गुरुवार के न्यूनतम तापमान के बराबर ही रहा।



## भोपाल को वाटर प्लस और गार्बेज फ्री सिटी में 5 स्टार रैंकिंग

**भोपाल।** नगर निगम, भोपाल द्वारा स्वच्छता के क्षेत्र में निरंतर किए जा रहे अथक प्रयासों और स्वच्छता संबंधी गतिविधियों, कार्यें तथा नवाचारों से भोपाल को वाटर प्लस और गार्बेज फ्री सिटी में 5 स्टार रैंकिंग प्राप्त हुई है वहीं सेल्फ सस्टेनेबल राजधानी का खिताब भी बरकरार रखा है। भोपाल ने स्वच्छता में बेहतर प्रदर्शन कर स्वच्छ शहरों की रैंकिंग में सुधार करते हुए देश भर के स्वच्छ शहरों में गत् वर्ष की स्थिति में सुधार करते हुए 19 वें स्थान से 06 वां स्थान प्राप्त करने में सफलता अर्जित की है। नई दिल्ली में आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री कौशल किशोर से भोपाल की महापौर श्रीमती मालती राय, कलेक्टर अविनाश लवानिया, निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी व अपर आयुक्त एम.पी.सिंह व अन्य अधिकारियों ने उक्त पुरस्कार ग्रहण किए। कार्यक्रम में आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव मनोज जोशी, मध्य प्रदेश नगरीय विकास एवं आवास विभाग के प्रमुख सचिव मनीष सिंह आदि भी उपस्थित थे। महापौर श्रीमती मालती राय ने स्वच्छता में बेहतर प्रदर्शन करने पर शहर के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और निगम कर्मियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।

स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 में देश के स्वच्छ अमृत महोत्सव के तहत वर्ष 2022 के स्वच्छ सर्वेक्षण के परिणामों की घोषणा की गई और स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शहरों को दिल्ली के ताल कटोरा इन्डोर स्टेडियम में पुरस्कृत किया गया। स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 के अंतर्गत नगर निगम, भोपाल द्वारा स्वच्छता के क्षेत्र में निरंतर किए जा रहे अथक प्रयासो और स्वच्छता संबंधी गतिविधियों, कार्यें तथा नवाचारों के माध्यम से स्वच्छता में बेहतर प्रदर्शन करते हुए 01 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में स्वच्छ शहरों की रैंकिंग में सुधार करते हुए देश भर के स्वच्छ शहरों में गत् वर्ष के 19 वें स्थान से 06 वां स्थान प्राप्त करने में सफलता अर्जित की है। भोपाल ने वाटर प्लस शहर एवं गार्बेज फ्री सिटी में 5 स्टार रैंकिंग भी प्राप्त की है और सेल्फ सस्टेनेबल राजधानी के खिताब को भी बरकरार रखा है। महापौर श्रीमती मालती राय, कलेक्टर अविनाश लवानिया, निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी ने अपर आयुक्त एम.पी.सिंह एवं स्वच्छता की टीम के साथ पुरस्कारों को प्राप्त किया। महापौर श्रीमती मालती राय ने भोपाल को स्वच्छता में देश में 06 वां स्थान प्राप्त करने के साथ ही वाटर प्लस और गार्बेज फ्री सिटी में 05 स्टार रैंकिंग प्राप्त करने पर भोपाल की जनता जनार्दन, सांसद, विधायकगण, पार्षदगण के साथ ही निगम के सफाई मित्रों व स्वच्छता से जुडे सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को बधाई दी। स्वच्छता में बेहतर प्रदर्शन करने पर महापौर श्रीमती राय ने कहा कि सभी के सहयोग से हमने अच्छा प्रदर्शन किया है और आने वाले समय में बेहतर से बेहतर प्रदर्शन कर भोपाल को स्वच्छता में अग्रणी बनाएंगें। स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के अंतर्गत स्वच्छता की प्रतिस्पर्धा का दायरा बढता जा रहा है और प्रतिस्पर्धा के नियम भी कठिन किए जा रहे है जिससे स्वच्छता के कार्य और गतिविधियों के लिए प्रयास भी बडे व्यापक पैमाने पर करना पड रहे है।



## संत हमेशा संयम की पूंजी बांटने आते है : आचार्य विनिश्चय सागर महाराज



- हे स्वामी नमोस्तु हें स्वामी नमोस्तु के स्वर से गुंजायमान हुआ कस्तूरबा नगर मंदिर

**भोपाल।** श्री सुपार्शनाथ जैन मंदिर कस्तूरबा नगर मैं आचार्य श्री विनिश्चय सागर महाराज के सा संघ सानिध्य में धार्मिक अनुष्ठान हुए संतो की धार्मिक क्रियाओं के साथ अहार चर्या संपन्न हुई श्रद्धालुओं द्वारा नवधा भक्ति पूर्वक हे स्वामी नमोस्तु हें स्वामी नमोस्तु के साथ संतों का पढ़गाहन किया गया धर्म सभा का शुभारंभ आचार्य विद्या सागरजी एवं आचार्य विराग सागरजी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ मंदिर समिति के अध्यक्ष सुनील जैनाविन एवं अन्य पदाधिकारियों ने श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद लिया आशीष वचन मैं आचार्य विनिश्चय सागर महाराज ने कहा तप और संयम संत की सबसे बड़ी पूंजी होते है वही भक्तों को बांटने आते हैं मंदिर समिति के अध्यक्ष सुनील जैनाविन ने बताया आचार्य संघ के सानिध्य में मूलनायक भगवान सुपार्श्वनाथ का अभिषेक एवं अष्ट द्रव्यों से पूजा अर्चना के साथ धार्मिक अनुष्ठान हुए संगीत मय स्वर लहरियों के साथ आचार्य श्री की वंदना की गई इस अवसर पर मंदिर समिति के सचिव केवल चंद जैन पदम जैन शील चंद जैन रितेश जैन अरविंद नारद मामा राकेश विजय कंडिया अनिल जैन अंकेश जैन सौरभ जैन आलम चंद जैन पंडित महेश एवं पंडित सतीश जैन अखिलेश जैन संजय जैन आरके जैन आदि विशेष रूप से मंदिर जी में उपस्थित थे।

# चिकित्सा महाविद्यालय में महिला डॉक्टरों ने समा बांधा





शिवपुरी ।

नवरात्रि में भक्ति गण नौ दिन मां की भक्ति में लीन रहते हैं माता की बड़ी-बड़ी झांकियां लगाकर गरबा डांडिया का आयोजन भी किया जाता है जिसमें लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं शिवपुरी शहर में भी जगह जगह मां के पंडाल लगाए गए हैं गरबा और डांडिया का आयोजन भी अलग-अलग जगह किया जा रहा है इसी कड़ी में चिकित्सा महाविद्यालय शिवपुरी के परिसर में महिला डॉक्टरों के द्वारा डांडिया महोत्सव का कार्यक्रम किया गया चिकित्सा महाविद्यालय परिवार द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की कड़ी में परिसर



में निवास करने वाली सभी महिला शक्ति के द्वारा गरवा डंडियां कार्यक्रम रात्रि में आयोजित किया गया जिसमें सभी डॉक्टर परिवारों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया डॉ रिंकी वर्मा का कहना है कि इस तरह के आयोजन हमारे परिसर में हमेशा होते रहेंगे डांडिया गरबा मां की आराधना में करने का सूत्र है मां की भक्ति करने केअलग- अलग माध्यम है इस कार्यक्रम में ग्रुप प्रस्तुति महिला डॉक्टरों द्वारा दी गई कोरियोग्राफर अजय चिराग अभ्यास करा गया डॉ रिंकी वर्मा ,डॉक्टर उर्वशी राजपूत, नीरजा शर्मा, अंजना निरंजन, भाग्य श्री, उपराजिता नूपूर, संगीता, नंदिनी , हेमलता, रश्मि, संतोषी, मोना, डॉ. पूनम आदि ने मां की आरती और आराधना की। कार्यक्रम के उपरांत सभी ने सह भोज का आनंद लिया।

## जन अभियान परिषद व शासकीय स्नातक महाविद्यालय ने संयुक्त रूप से मनाई गांधी जयंती



शिवपुरी/करैरा।

जिले के करेरा विकासखंड में आज रविवार को मप्र जन अभियान परिषद व शासकीय स्नातक महाविद्यालय करैरा द्वारा संयुक्त रूप से कॉलेज ग्राउंड में लगी महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई गई, महात्मा गांधी के जीवन पर कॉलेज प्राचार्य ने प्रकाश डालते हुए बताया कि भारत के राष्ट्रपिता मोहनदास करमचंद गांधी जिन्हें बापू या महात्मा गांधी के नाम से भी जाना जाता है,उनका जन्म दिन 2 अक्टूबर 1869 को हुआ था उनके जन्मदिन को गांधी जयंती के रूप में मनाया जाता है। इस दिन को विश्व अहिंसा दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। वस्तुतः गांधीजी विश्व भर में उनके अहिंसात्मक आंदोलन के लिए जाने जाते हैं और यह दिवस उनके प्रति वैश्विक स्तर पर सम्मान व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है। इस अवसर पर एस.एस बंसल कॉलेज प्राचार्य,उपेंद्र दुबे विकासखंड समन्वयक जन अभियान परिषद,नीरज कुशवाहा कम्प्यूटर आपरेटर,दुर्ग सिंह लोधी, उपदेश बोहरे,दीपिका राजपूत, निशा चौरसिया तथा बीएसडब्ल्यू व एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# दो दिवसीय क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

शिवपुरी ।

किसी भी प्रशिक्षण में प्राप्त प्रशिक्षण जब तक उपयोगी नहीं है जब तक उसका सही ढंग से क्रियान्वयन नहीं किया जा सके आपके द्वारा प्राप्त प्रशिक्षण आपको क्षेत्र में काम करने में सहायक होगा ऐसी हमें उम्मीद है उत्त विचार मुकेश चौहान सामाजिक कार्यकर्ता एवं सांसद प्रतिनिधि द्वारा मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड शिवपुरी द्वारा आयोजित प्रस्फुटन समितियों के दो दिवसीय क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन सत्र में व्यक्त किए समापन कार्यक्रम में मुकेश सिंह चौहान सांसद प्रतिनिधि , इंद्रबीर सिंह कृषि एवं उद्यानिकी विस्तार अधिकारी, शिशुपाल सिंह जादौन विकासखंड समन्वयक जन अभियान परिषद शिवपुरी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

समापन अवसर पर प्रशिक्षण कार्यशाला की संक्षिप्त रूपरेखा रखते हुए शिशुपाल सिंह जादौन विकासखंड समन्वयक शिवपुरी द्वारा बताया गया यह जन अभियान परिषद द्वारा आयोजित प्रस्फुटन समितियों की क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण कार्यशाला प्रतिभागियों को विभिन्न विषयों पर विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया जिसमें व्यक्तित्व विकास नेतृत्व विकास सामुदायिक सहभागिता सामाजिक अंकेक्षण प्रभाव का विश्लेषण




प्रस्फुटन समितियों के कार्य जन अभियान परिषद का परिचय एवं योजना निर्माण तथा कृषि एवं उद्यानिकी योजना के बारे में जानकारी दी गई हैं समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। समापन अवसर पर उपस्थित अतिथियों द्वारा वरिष्ठ नागरिक दिवस केअवसर पर हरि विलास जाटव ग्राम मानकपुर को माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन सच्चिदानंद गोस्वामी तथा आभार प्रदर्शन केशव शर्मा जी द्वारा किया गया कार्यक्रम में धीरेंद्र सिंह राजपूत वीरेंद्र रावत पदमा शिवहरे रेखा समाधिया वीरेंद्र शर्मा चंदन धाकड़ का सहयोग रहा प्रशिक्षण में सभी प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अपर कलेक्टर ने अधिकारी/कर्मचारियों को नशामुक्त हेतु दिलाई प्रतिज्ञा

भिण्ड। अपर कलेक्टर श्री प्रवीण फुलपगारे ने 2 अक्टूबर गांधी जंयती पर नशामुक्ति अभियान के तहत कलेक्ट्रेट परिसर में अधिकारी/कर्मचारियों को एक प्रतिज्ञा दिलाई। अपर कलेक्टर श्री प्रवीण फुलपगारे ने अधिकारी/कर्मचारियों को ''आज हम एकजुट होकर नशामुक्ति अभियान के तहत एक प्रतिज्ञा लेते हैं, कि न केवल हमारे समुदाय, परिवार, दोस्त बल्कि खुद को नशामुक्त बनाएंगे। परिर्वतन भीतर से शुरू होता है, इसीलिए आओ मिलकर अपने मध्यप्रदेश को नशामुक्त बनाने का संकल्प लें। मैं प्रतिज्ञा करता/करती हूं कि मैं अपने प्रदेश को नशामुक्त बनाने लिए हर संभव प्रयास करूंगा/करूंगी।'' की प्रतिज्ञा दिलाई।



## संक्षिप्त समाचार

### श्रीवास समाज संघ मण्डल ,गोरमी को धर्मशाला निर्माण हेतु राज्यमंत्री ओ. पी. एस भदोरिया द्वारा मिली 200000 की नगद सौगात




भिण्ड। गोरमी में कचनाओ रोड़ पर 30/09/2022 को श्रीवास समाज संघ मंडल द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया! जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं मध्य प्रदेश सरकार में नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ. पी. एस भदोरिया को मुख्य अतिथि के रूप में समाज के लोगों ने बुलाया ! श्रीवास समाज के सभी लोगों ने राज मंत्री से ,गुरमी में एक श्रीवास समाज की नवीन धर्मशाला बनवाने का प्रस्ताव रखा, जिसे राज्य मंत्री द्वारा श्रीवास समाज मंडल गोरमी को धर्मशाला निर्माण हेतु ?200000 नगद राशि सौगात के रूप में दी गई! और श्रीवास समाज को आश्वासन देते हुए कहा श्रीवास समाज की सेवा निरंतर करता रहूंगा ! एवं वहीं दूसरी ओर माननीय शैलेंद्र सिंह भदोरिया जनपद उपाध्यक्ष (मेहगांव) द्वारा ?50000 की राशि भेंट करने की घोषणा की गई ! जिसका समस्त श्रीवास समाज संघ मंडल गोरमी बहुत-बहुत आभारी रहेगा ! इस मौका पर उपस्थित रहे,श्रीवास समाज के लोग जिनमें = समाजसेवी सुरेश श्रीवास( एंडोरी) अजय श्रीवास, विश्राम श्रीवास, घनश्याम पटवारी , मुन्नालाल पटवारी, जनक सेक्रेटरी राम सिया, राजेंद्र मास्टर, मंगल , मनोज, सिंबू रतन, विनय, प्रमोद मास्टर, सतीश, दिनेश, अंगद, सोनू( युवा नेता) धर्मेंद्र श्रीवास जामना आदि समाज के लोगों ने उपस्थिति देकर कार्यक्रम को और भी भब्य बना दिया!

### समाज को नशा मुक्त बनाने एवं यातायात नियमों का पालन संबंधी बरासों थाना प्रभारी ने युवाओं को किया जागरूक



भिण्ड। पुलिस कप्तान शैलेन्द्र सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपूसे के नेतृत्व में नशामुक्त एवं यातायात संबंधी नियमों का पालन हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत बरासों पुलिस ने थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गाँव-गाँव जाकर ग्रामीणों व युवाओं में जाकर बताये नियम। बरासों थाना प्रभारी सीपीएस चौहान ने आज थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गाँव में पहुँचकर युवाओं व ग्रामवासियोंसे कहा कि नशा सिर्फ खुद को नहीं बल्कि पूरे परिवार को नाश कर देता है, खासतौर से युवाओं को नशे में संलिप्त होने की बजाय खेलों व पढ़ाई तथा रोजगार पर ध्यान देना चाहिए ताकि आप जिले व प्रदेश तथा अपने परिवार का नाम रोशन कर सकें, साथ में यातायात नियमों का पालन करने से असमय होने वाली मृत्यु से भी बचा जा सकतो है, कभी दोपहिया वाहन पर तीन सबारी बैठकर यात्रा न करें, हमेशा हेलमेट लगाकर ही यात्रा करें, क्योंकि आपका जीवन आपके परिवार के लिए अतिमहत्वपूर्ण हैं, हमेशा ड्रायविंग लाइसेंस तथा उक्त वाहन के सभी कागजात साथ लेकर चलें तो निश्चित पर तुम्हारी यात्रा मंगलकारी होगी।

### लंपी वायरस से संक्रमित गायें खुले में घूम रही हैं

भिण्ड। गौ रक्षा संगठन के आग्रह पर दो दिन पुर्व जिला कलेक्टर ने निराश्रित गायो को रोड से हटाने के लिए पुरे जिले मे आदेश जारी किया था। वेसहारा गायो को गौशाला एवं कांजी हाउस में रखवाये जाने की जिम्मेदारी नगरपालिका एवं ग्राम पंचायत को दी थी। इस आदेश को अटेर की ग्राम पंचायत परा एवं लहार नगर में नगरपालिका द्वारा खुलेआम ठेंगा दिखाया जा रहा है। अटेर की ओर जाने वाला मार्ग ग्राम पंचायत परा में गौवंश का झुंड खुले आसमान के नीचे रोड़ पर बैठे हैं। इनमें कई ऐसी गायें भी है जो लंपी वायरस से ग्रसित दिख रही है, इसी प्रकार लहार नगर में रोड पर गायें सड़क पर घूमती नजर आयी। जिसके चलते लंपी वायरस संक्रमण भी बढ़ रहा है लंपी वायरस से संक्रमित गायो को आईसलेशन करने के लिए अटेर की ग्राम पंचायत परा एवं लहार नगरपालिका कांजी हाउस को आईसलेशन सेन्टर वनाया गया है लेकिन सुचना देने के बाद भी कर्मचारी लंपी वायरस से संक्रमित गायो को पकडने नही आये।

# भारतीय मीडिया की स्वतंत्र भूमिका पर वाद- विवाद प्रतियोगिता संपन्न

### पक्ष में तनुष्का भदौरिया और विपक्ष में सिद्धार्थ शर्मा प्रथम रहे



भिण्ड /महिला सुरक्षा शाखा, पुलिस विभाग द्वारा मानव दुर्व्यापार और महिला अपराधों की रोकथाम एवं जन जागरूकता हेतु शारदीय नवरात्रि में चलाए जा रहे अभियान 'चेतना' के अंतर्गत शहर के एक्सीलेंस स्कूल क्रमांक 1 में छात्रों के बीच वाद- विवाद प्रतियोगिता करवाई गई, जिसमें मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती पूनम थापा उपस्थित रहीं। अध्यक्षता प्राचार्य पी एस चौहान ने की। 15 छात्र-छात्राओं ने 'क्या भारतीय मीडिया स्वतंत्र भूमिका निभाने के बजाय राजनीति से प्रेरित है?' विषय पर आयोजित वाद- विवाद में पक्ष और विपक्ष में अपने विचार रखे। पक्ष में तनुष्का भदोरिया प्रथम, नवीन शर्मा द्वितीय और अंशुल शुक्ला तृतीय स्थान पर रहे,वहीं विपक्ष में सिद्धार्थ शर्मा प्रथम, चेतन शर्मा द्वितीय और अनुष्का बंसल तृतीय स्थान पर आईं। इन्हे पुलिस विभाग द्वारा पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिए जायेंगे। निर्णायक दल सदस्य की भूमिका शिक्षक यतींद्र कुमार शर्मा,मंजू जैन,राघवेंद्र शर्मा और शकील खान ने निभाई।कार्यक्रम का संचालन सतेंद्र सिंह भदौरिया और आभार एनएसएस अधिकारी धीरज सिंह गुर्जर ने किया। कार्यक्रम में एडीपीसी सत्यभान सिंह भदौरिया, बीआरसीसी सतेंद्र सिंह कुशवाह, थाना प्रभारी गीता सिकरवार, आर बी शर्मा,सुरेंद्र शर्मा,भारती परिहार सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### बाइक ने सायकल में मारी टक्कर, वृद्ध घायल

भिण्ड। देहात थाना क्षेत्र के रेलवे क्रॉसिंग के पास अटेर रोड पर एक बाइक चालक ने तेज व लापरवाही से चलाते हुए सायकल में टक्कर मार दी जिससे एक वृद्ध घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार सुनील पुत्र स्व. रामस्वरूप दुबे उम्र 70 वर्ष निवासी नवादा बाग ने बताया कि 27 सितंबर दोपहर 12.30 बजे वह क्षेत्र के रेलवे क्रॉसिंग के पास से गुजर रहा था, इसी दौरान अज्ञात बाइक चालक ने तेज व लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

# अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का हुआ आयोजन




भिण्ड। मध्यप्रदेश रा%य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर तथा प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड के आदेशानुसार तथा श्री सुनील दण्डौतिया जिला न्यायाधीश/सचिव जिविसेप्रा भिण्ड के मार्गदर्शन में अन्तर्राष्ट्रीय बृद्धजन दिवस के अवसर पर भिण्ड जिले के विभिन्न स्थानों पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

निराश्रित भवन भिण्ड में आयोजित कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित श्री दिनेंश कुमार खटीक पंचम अपर जिला न्यायाधीश भिण्ड ने वृद्धजनों को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हर 60 वर्ष या उससे अधिक की आयु के व्यक्ति को वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण अधिनियम 2007 के अन्तर्गत भरण-पोषण का अधिकार दिया गया है जो कि वह नियमानुसार एसडीएम के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर प्राप्त कर सकता है साथ ही निराश्रित वरिष्ठ नागरिकों के लिए शासन द्वारा वृद्धाश्रम की व्यवस्था की गई है जिसमें उन्हें भोजन, स्वास्थ्य संबंधित सेवाएं, मनोरंजन आदि सेवाएं मुहैया कराई जाती है। साथ ही उक्त अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड द्वारा वृद्धजनों को केले और सेब वितरित किये गये। एवं न्यायाधीश द्वारा वृद्धजनों को फूल माला एवं शॉल पहनाकर सम्मानित किया गया। साधना स्कूल भिण्ड में आयोजित विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर में उपस्थित श्री डी.पी. मिश्र विशेष न्यायाधीश भिण्ड ने ब%चों को वृद्धजनों का समुचित सम्मान करने तथा उनसे जीवन की सीख लेने हेतु प्रेरित किया तथा साथ ही वरिष्ठ नागरिकों द्वारा समाज के निर्माण एवं प्रगति में दिये गए योगदान के बारे में भी उपस्थित छात्र एवं छात्राओं को जागरूक किया। अनन्ता माध्यमिक विद्यालय भिण्ड में आयोजित कार्यक्रम उपस्थित श्री विशाल खाड़े न्यायाधीश (जेएमएफसी) भिण्ड ने बच्चों को वरिष्ठ नागरिकों के मौलिक अधिकारों के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि हर वृद्ध नागरिक को सम्मान एवं सुरक्षा के साथ जीवन जीने का अधिकार है जिसको सुनिश्चित करने में बच्चों का महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है।

अतः सभी ब%चों को वृद्धजनों का सम्मान करने के साथ ही उनकी मद्द के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए।

उक्त शिविरों में उपस्थित श्री सौरभ कुमार दुबे जिला विधिक सहायता अधिकारी ने उपस्थित जनों को वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क विधिक सहायता, वरिष्ठ नागरिक हेल्पलाइन नम्बर 14567 तथा वरिष्ठ नागरिकों को सम्मान पूर्ण एवं सुरक्षित जीवन सुनिश्चित करने में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की भूमिका के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर श्री मनीष कुशवाह संचालक निराश्रित भवन भिण्ड, श्री सुरेश समाधिया संचालक साधना स्कूल भिण्ड, श्री शैलेन्द्र सक्सैना प्राधानाचार्य अनन्ता स्कूल भिण्ड, पीएलव्ही श्री सुमित यादव, श्री बृजेन्द्र कुमार, श्री कृष्ण सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## सम्पादिकीय

# कांग्रेसः फिर चक्का जाम

मल्लिकार्जुन खड़गे अब कांग्रेस के अध्यक्ष बनेंगे, यह तो तय ही है। यदि अशोक गहलोत बन जाते तो कुछ कहा नहीं जा सकता था कि कांग्रेस का क्या होता? गहलोत को राजस्थान के कांग्रेसी विधायकों के प्रचंड समर्थन ने महानायक का रूप दे दिया था लेकिन गहलोत भी गजब के चतुर नेता हैं, जिन्होंने दिल्ली आकर सोनिया गांधी का गुस्सा ठंडा कर दिया। उन्हें अध्यक्ष की खाई में कूदने से तो मुक्ति मिली ही, उनका मुख्यमंत्री पद अभी तक तो बरकरार ही लग रहा है। अध्यक्ष बनने के बाद खड़गे की भी हिम्मत नहीं पड़ेगी कि वे गहलोत पर हाथ डालें। गहलोत और कांग्रेस के कई असंतुष्ट नेता भी उम्मीदवारी का फार्म भरनेवाले खड़गे के साथ-साथ पहुंच गए। याने समस्त संतुष्ट और असंतुष्ट नेताओं ने अपनी स्वामिभक्ति प्रदर्शित करने में कोई संकोच नहीं किया। यह ठीक है कि शशि थरुर और त्रिपाठी ने भी अध्यक्ष के चुनाव का फार्म भरा है लेकिन सबको पता है कि इनकी हालत वही होगी जो, 2000 में जितेंद्रप्रसाद की हुई थी। उन्होंने सोनिया गांधी के विरुद्ध कांग्रेस-अध्यक्ष का चुनाव लड़ा था। चुनाव के दिन दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में वे मेरे साथ लंच कर रहे थे। उन्होंने मुझसे कहा कि मेरा हारना तो तय है तो कुछ समय आपके साथ ही आनंदपूर्वक क्यों नहीं बिताया जाए? यही हाल शशि थरुर का भी होनेवाला है। हालांकि उन्होंने पहले दिग्विजयसिंह, अशोक गहलोत और अब खड़गे के बारे में बहुत ही गरिमामय ढंग से बात की है। 22 साल बाद होनेवाले इस चुनाव से क्या कांग्रेस के हालात कुछ बदलेंगे? क्या यह डूबता हुआ सूरज फिर ऊपर उठ पाएगा? यह जाम हुआ चक्का क्या फिर चल पाएगा? कुछ भी कहना कठिन है, क्योंकि कांग्रेस पार्टी पर माँ-बेटा राज तो अब भी पहले की तरह जोर से चलता रहेगा। हालांकि खड़गे अनुभवी और सुसंयत नेता हैं और उन्हें कर्नाटक की विधानसभा, लोकसभा और राज्यसभा में रहने के अनेक अवसर मिले हैं लेकिन कर्नाटक के बाहर उन्हें कौन जानता है? आम जनता की बात तो अलग है, कांग्रेसी कार्यकर्त्ता भी उन्हें ठीक से नहीं जानते। यह ठीक है कि जगजीवन राम के बाद वे ही पहले दलित हैं, जो कांग्रेस अध्यक्ष बनेंगे। लेकिन नरेंद्र मोदी ने पहले रामनाथ कोविंद और अब द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाकर पहले ही नहले पर दहला मार रखा है। कांग्रेस का भाग्योदय अगर होता है तो वह नौकर-चाकरों के भरोसे नहीं हो सकता। उसके मालिकों को गर्व होना चाहिए कि उन्हें ऐसी बगावत नहीं देखनी पड़ रही है, जैसी इंदिरा गांधी ने देखी थी। मालिकों के इस दावे पर कौन भरोसा कर रहा है कि वे अध्यक्ष के इस चुनाव में निष्पक्ष हैं? माँ-बेटे को खुशी होनी चाहिए कि जिन वरिष्ठ नेताओं ने बगावत की बांग लगाई थी, वे भी उनके आगे अब दुम हिला रहे हैं। इस अध्यक्षीय चुनाव से कांग्रेस के पुनरोदय की जो आशा बनी थी, वह धूमिल हो चुकी है। जब तक कांग्रेस के पास नरेंद्र मोदी का वैकल्पिक नेता और नीति नहीं होगी, वह इसी तरह लड़खड़ाती रहेगी और भारतीय लोकतंत्र और कांग्रेस का यह दुर्भाग्य होगा कि वह लड़खड़ाते-लड़खड़ाते कहीं धराशायी ही न हो जाए।

# पीएफआई का खेल खत्म



अनिल बिहारी श्रीवास्तव

लीजिए, पीएफआई का खेल खत्म हो गया। कांग्रेस के शासनकाल में जन्मे और केरल में कम्युनिस्टों के शासनकाल में पले-बढ़े पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया(पीएफआई) पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके साथ पीएफआई से जुड़े आठ अन्य संगठनों पर पांच साल के लिए प्रतिबंध लगाया गया है। 28 सितम्बर को तड़के एक के बाद एक दो अधिसूचनाएं जारी की गईं। पिछले सात दिनों से यह संभावना व्यक्त की जा रही है कि केंद्र सरकार किसी भी समय पीएफआई के संबंध में कड़ा निर्णय ले सकती है। इन सात दिनों में देश भर में पीएफआई पर तीन बार छापे की कार्रवाई की गई। तीन चक्रों की इस छापा कार्रवाई में तीन सौ से अधिक पीएफआई सदस्यों और उससे संबंध रखने वालों को गिरफ्तार किया गया। इंटेलीजेंस एजेंसियों का कहना है कि काफी संवेदनशील जानकारियां मिलीं हैं। सूत्रों के अनुसार बरामद दस्तावेज दस्तावेज और सामने आए प्रमाणों ने पीएफआई का सारा खेल ही उजागर कर दिया है। पानी वाकई सिर से ऊपर निकलने जैसी नौबत है। केंद्र में उच्च स्तरीय विचार-विमर्श में यही निष्कर्ष सामने आया कि यदि अब भी सख्त कदम नहीं उठाये गए तब भविष्य में खतरा और अधिक बढ़ जाएगा। पीएफआई और उसके सहयोगी संगठनों पर प्रतिबंध का असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिश्व शर्मा ने स्वागत किया है। उल्लेखनीय है कि पीएफआई पर प्रतिबंध लगाने की मांग सबसे पहले उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की थी। गौरतलब है कि एक ओर जहां समूचे देश पीएफआई पर प्रतिबंध का स्वागत किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर की गई कार्रवाई पर सवालिया निशान लगाते इक्का-दुक्का स्वर भी सुनाई दिए हैं। किसी ने पीएफआई पर प्रतिबंध को गलत ठहराने की कोशिश की और कोई कह रहा है कि केंद्र की कार्रवाई इकतरफा है। उनका कहना है कि पीएफआई की तरह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ पर भी कार्रवाई की जानी चाहिए, क्योंकि ये दोनों ही संगठन देश में नफरत फैलाने में लगे रहे हैं। एक राजनीतिक विश्लेषक ने इस बात को सिरे से खारिज किया है कि पीएफआई पर कार्रवाई सरकार की मुस्लिम विरोधी अघोषित रणनीति का हिस्सा है। उनका कहना है कि 'इसे मुस्लिम विरोधी कदम नहीं कहा जा सकता। सरकार पर इस तरह का आरोप लगाना सही है। देश में एआईएमआईएम,इंडियन मुस्लिम लीग, आल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट सहित लगभग एक दर्जन मुस्लिम पार्टियां हैं, उनके विरूद्ध तो किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा रही है।' पीएफआई के विरूद्ध कार्रवाई पुख्ता जानकारियां मिलने के बाद शुरू की गई थी। 22 सितम्बर को एनआईए और ईडी ने राज्यों की पुलिस के सहयोग से आपरेशन आक्टोपस के तहत छापे मारे थे। एनआईए और इंटेलीजेंस एजेंसियों ने 15 राज्यों की पुलिस के सहयोग से पीएफआई के 93 ठिकानों पर छापे मार कर 106 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। सबसे अधिक 22 लोग केरल से गिरफ्तार किए गए हैं। इसके अलावा कर्नाटक से 20, तमिलनाडु से 10, असम से 9, उत्तरप्रदेश से 9, आन्ध्र प्रदेश से 5, मध्यप्रदेश से 4 पुदुचेरी से 3 और राजस्थान से 2 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें पीएफआई का चेयरमैन ओएमए सलाम शामिल है। आतंकी गतिविधियों और फंडिंग के अहम दस्तावेज बरामद किए गए हैं। जांच एजेंसी ने सौ से अधिक मोबाइल फोन जब्त किए हैं। इनके पास से धारदार हथियार, डिजिटल उपकरण और नकदी मिली है। पीएफआई के पदाधिकारियों और सदस्यों के घरों की तलाशी ली गई। पीएफआई के खिलाफ ईडी और एनआईए की जांच मे राष्ट्र विरोधी साजिश की परतें खुलने लगीं हैं। मिली सूचनाओं के आधार पर दो दौर की छापे की कार्रवाई पुन- की गई। इसमें मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, कर्नाटक, असम, दिल्ली, महाराष्ट्र और गुजरात से साढ़े तीन सौ से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया। एनआईए के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया है कि मिले साक्ष्य के आधार पर राज्यों की पुलिस अलग-अलग मामले दर्ज करेंगी। जांच एजेन्सियों का दावा है कि पीएफआई ने 12 जुलाई को पटना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में हमले की साजिश की थी। इस हमले की साजिश में फंडिंग में कोझिकोड से पीएफआई का सदस्य शफीक पायथे शामिल था। हमले के लिए पीएफआई ने ट्रेनिंग कैम्प लगाये थे। 2018 तक कतर में गल्फ तेजस मीडिया हाउस में बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर रहा पायथे ने गैर कानूनी तरीके से 40 लाख रुपये ट्रांसफर किए थे। एनआईए ने कोच्चि में हलफनामे में कहा है कि भारत को इस्लामिक राष्ट्र बनाने के लिए पीएफआई ने लश्कर और आईएसआईएस जैसे आतंकवादी संगठन ज्वाइन करने के लिए युवाओं को प्रोत्साहित किया। भोपाल मे गिरफ्तार पीएफआई के चार सदस्यों के पास से संवेदनशील दस्तावेज और कुछ डिजीटल कंटेंट मिले हैं। इन आरोपितों ने स्वीकार किया है कि अकेले मध्यप्रदेश में उनके दो हजार सक्रिय सदस्य हैं। कट्टरपंथी विचारधारा के प्रचार प्रसार के लिए मुस्लिम युवाओं को प्रलोभन दिया जाता था। राजस्थान के कोटा को पीएफआई का बड़ा गढ़ माना जाता रहा है। ऐसा ही कुछ वह मध्यप्रदेश के श्योपुर में करने की कोशिश कर रहा था। इसी वर्ष बिहार में एक पुलिस छापे के बाद पुलिस ने बताया था कि झारखंड पुलिस के एक रिटायर्ड सब इंसपेक्टर सहित पीएफआई के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। 22 युवकों का एक गुट बिहार और उत्तरप्रदेश में साम्प्रदायिक सद्भाव के वातावरण को बिगाडने् की जुगत में था।

पीएफआई ने अपने नापाक इरादों को अंजाम देने के लिए जरूरी धन की सुनिश्चित आपूर्ति का पक्का इंतजाम कर रखा था। धन जुटाने के लिए खाड़ी देशों में उसका बड़ा नेटवर्क रहा है। जांच एजेन्सियों की नजर से बचने के लिए वह खाड़ी देशों में काम करने वालों की ओर से रेमिटेंस के रूप में पैसा भारत मंगवाता था। उसके बाद उसे अपने खातों में डोनेशन से प्राप्त रकम के रूप में दिखाता रहा है। 2013-14 से 2020-21 तक 120 करोड़ रुपये की फंडिंग हो चुकी है। रिक्शा चालकों और मजदूरों के नाम हजारों रुपयों का डोनेशन दिखाया गया। आन्ध्र प्रदेश में कई लोगों के खातों से पीएफआई को डोनेशन दिया था। ईडी ने उनसे पूछताछ की तो उन्हें इसकी जानकारी ही नही थी। पीएफआई के किन्हीं सदस्यों ने गरीब लोगों के नाम पर बैंक खाते खोल लिए थे। वे ही उसे संचालित करते थे। दिल्ली में पीएफआई के दफ्तर से बरामद डोनेशन की पर्चियों में दान देने वालों के पूरे नाम और पते तक नही लिखे थे। कुछ स्थानों पर बरामद पर्चियों में जिन लोगों के नाम लिखे थे, उनसे पूछताछ करने पर यह तथ्य सामने आया कि उन्होंने कोई डोनेशन नहीं दिया है। उनमें से अधिकांश की आर्थिक स्थिति ऐसी थी ही नहीं की वो दान के लिए अतिरिक्त धन जुटा सकें। पीएफआई की कुछ राज्य इकाइयां मुख्यालय से फंड लेने के अलावा स्थानीय स्तर भी चंदा जमा करतीं थीं। इस राशि का उपयोग दंगे के आरोपितों और हिंदू विरोधियों के लिए किया जाता था। उन लोगों को मदद दी जाती थी जो लव जिहाद, साम्प्रदायिक हिंसा और हमलों के आरोप में जेल में बंद हैं। यह भी पता चला है कि चंदा उगाही, प्रचार-प्रसार और ज्ञापन सौंपने आदि के लिए पीएफआई की राजनीतिक इकाई सोशाल डेमोक्रेटिक पार्टी आफ इंडिया(एसडीपीआई) का उपयोग किया जाता था। किसी विरोध प्रदर्शन की अगुआई एसडीपीआई के नेता करते हैं। पीएफआई पर्दे के पीछे से भीड़ जुटाने का काम करती है। पीएफआई ने कभी कोई चुनाव नहीं लड़ा। इसने स्वयं की भूमिका मुसलमानों के बीच धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों तक सीमित बताई है।

# विदेशी कर्ज, व्यापार घाटा और महंगाई के कुचक्र में अर्थ-व्यवस्था

सनत जैन

पिछले कुछ माह से डालर की तुलना में रुपए का बड़ी तेजी के साथ अवमूल्यन हो रहा है। रुपए को थामने के लिए रिजर्व बैंक ने विदेशी मुद्रा भंडार का उपयोग भी किया। लेकिन रुपए का गिरना बदसूरत जारी रहा। डॉलर के मुकाबले रुपया 82 के स्तर तक पहुंचे गया।

केंद्रीय वित्त मंत्रालय और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, जापानी येन और ब्रिटिश पाउंड की तुलना में भारतीय रुपए को कम गिरना, भारतीय अर्थव्यवस्था की बेहतरी से जोड़ते हैं। लेकिन यह सोच ऐसे ही है, जैसे गाड़ी से नियंत्रण खोने के बाद ड्राइवर आंख बंद करके भगवान भरोसे गाड़ी को चलाता है। लंबी अवधि में भारतीय रुपए में सबसे ज्यादा गिरावट हुई है। पिछले 20 वर्षों में सभी मुद्राओं में सबसे ज्यादा तेज गिरावट 82.3 फ़ीसदी भारतीय रुपए की हुई है। जापानी येन 34.3 और पाउंड 39.4 फ़ीसदी गिरा है। दुनिया की सभी महत्वपूर्ण मुद्राओं में सबसे ज्यादा गिरावट रुपए की है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि आयात निर्यात व्यापार में भारत का घाटा बढ़ता ही जा रहा है। इस असंतुलन के कारण विदेशी मुद्रा का भंडार तेजी के साथ कम हो रहा है। भारत ने जो विदेशी कर्ज ले रखा है। जो माल को आयात कर रहा है। उन सभी का भुगतान विदेशी मुद्रा, विशेष रूप से डालर में करना पड़ता है। जिसके कारण सरकार, और कारोबारियों को आयात किए गए सामान की ज्यादा कीमत और कर्ज में ज्यादा ब्याज अदा करना पड़ रहा है। देश के लाखों बच्चे विदेशों में पढ़ रहे हैं विदेशों में भारतीय पर्यटकों की संख्या बहुत तेजी के साथ बढ़ी है। जिसके कारण भी भारत की विदेशी मुद्रा तेजी के साथ खर्च हो रही है। डॉलर के मुकाबले रुपए की कीमत बढ़ने से देश में महंगाई तेजी के साथ बढ़ती जा रही है। इसके साथ ही विदेशी मुद्रा भंडार भी तेजी के साथ घटने लगा है। रूस से हम सस्ती कीमत में कच्चे तेल एवं अन्य सामान का आयात, रूसी और भारतीय मुद्रा में कर रहे हैं,तब यह स्थिति है। यदि हमें अन्य देशों से कच्चा तेल आयात करना पड़ता। तब स्थिति क्या होती, यह समझने की जरूरत है। भारतीय शेयर बाजार से विदेशी निवेशक मुनाफावसूली करके बाहर निकल रहे हैं। नया निवेश नहीं आ रहा है। अभी सरकार के पास विदेशी मुद्रा का जो भंडार है। अधिकतम 6 से 7 महीने तक के लिए पर्याप्त माना जा सकता है। तत्काल सरकार ने कोई उपयुक्त कार्यवाही नहीं की, तो श्रीलंका जैसे हालात बनने में ज्यादा समय नहीं लगेगा।

सही मायने में सरकार को गैर जरूरी चीजों का आयात तुरंत बंद करना होगा। सरकार को निर्यात व्यापार बढ़ाना होगा। सरकारी खर्चों को कम करना होगा। भारत सरकार ने समय रहते यदि उपयुक्त कदम नहीं उठाए, तो आर्थिक स्थिति बड़ी खराब होगी। जिस को संभालना फिर बहुत मुश्किल होगा।

# विपक्षी एकता कितनी संभव?

भारतीय जनता पार्टी 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गई है। पार्टी एक-एक लोकसभा सीट पर काम कर रही है। पंजाब की पटियाला लोकसभा सीट कैसे जीत सकते हैं इस योजना के तहत कैप्टेन अमरिंदर सिंह को पार्टी में लाया गया है तो पिछली बार हारी साउथ गोवा लोकसभा सीट कैसे जीतेंगे, इसके लिए पूर्व मुख्यमंत्री दिगंबर कामत को पार्टी में लिया गया है। यह अभी से तय माना जा रहा है कि पटियाला की मौजूदा कांग्रेस सांसद परनीत कौर अगली बार भाजपा की टिकट पर लड़ेंगी और साउथ गोवा सीट पर भाजपा दिगंबर कामत को उतारेगी।भाजपा एक एक सीट की रणनीति पर बारीकी से काम कर रही है तो साथ ही हर प्रदेश में छोटी छोटी पार्टियों को अपने साथ जोड़ने या उनका विलय भाजपा में कराने की योजना पर भी काम हो रहा है। बिहार के दौरे में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी को भी मैसेज दिया। इसके बरक्स अगर विपक्ष की राजनीति को देखें तो अभी सब कुछ बहुत बिखरा हुआ दिखेगा। कई बड़े नेता विपक्षी एकता के लिए काम कर रहे हैं लेकिन कम से कम अभी यह कोई ठोस और मूर्त रूप लेता नहीं दिख रहा है।

इसका बुनियादी कारण कांग्रेस का विपक्षी पार्टियों के प्रति नजरिया है और आम आदमी पार्टी की राजनीति है। कांग्रेस पहले भी यह धारणा बनाए हुई थी कि विपक्षी एकता उसको केंद्र में रख कर ही संभव है। लेकिन अब जब राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा शुरू हुई है और उसे दक्षिण के राज्यों में अच्छा रिस्पांस मिला है उससे उत्साहित कांग्रेस अब विपक्षी पार्टियों के प्रति अपमानजनक बातें करने लगी है। कांग्रेस को छोड़ कर विपक्षी एकता की बात करने वालों को जयराम रमेश ने मूर्खों के स्वर्ग में रहने वाला बताया है। हालांकि सारी विपक्षी पार्टियां कांग्रेस को छोड़ने के पक्ष में नहीं हैं। लेकिन कांग्रेस का अपना एटीट्यूड ऐसा है, जिससे विपक्षी पार्टियां बिदकेंगी। खास कर उन राज्यों में, जहां कांग्रेस मजबूत है या कांग्रेस को अपने लिए कोई संभावना दिख रही है। कर्नाटक, तेलंगाना, केरल आदि राज्यों में कांग्रेस का यह एटीट्यूड विपक्षी एकता के रास्ते में बाधा बनेगा तो कांग्रेस जिन राज्यों में बहुत कमजोर है, जैसे उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल आदि राज्यों में वहां की बड़ी प्रादेशिक पार्टियों की कांग्रेस के प्रति सोच विपक्षी एकता को पटरी से उतार सकती है।

इसके अलावा आम आदमी पार्टी की राजनीति भी विपक्षी एकता के रास्ते में बाधा है। आम आदमी पार्टी बड़ी तेजी से एक के बाद एक राज्य में अपना दायरा फैला रही है और उसके लिए भाजपा से बड़ा राजनीतिक दुश्मन कांग्रेस है। कांग्रेस भी उसे अपना सबसे बड़ा दुश्मन मान रही है। जिस तरह से देश के अनेक राज्यों में अलग अलग क्षेत्रीय पार्टियों ने कांग्रेस को हटा कर उसका स्थान ले लिया उसी तरह आम आदमी पार्टी इस प्रयास में है कि जहां कोई क्षेत्रीय पार्टी नहीं है और कांग्रेस का सीधा मुकाबला भाजपा से है वहां वह कांग्रेस को रिप्लेस करके उसकी जगह ले। इस योजना के तहत आम आदमी पार्टी ने दिल्ली और पंजाब में सफलता पाई और अब आगे उसकी नजर गुजरात, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों पर हैं, जहां अब भी कांग्रेस एक मजबूत ताकत है। सो, कांग्रेस नेताओं का एटीट्यूड और आप की राजनीति विपक्ष को एकजुट होने से रोकेंगे। अब सवाल है कि अगर विपक्षी पार्टियां साथ आती हैं तो कैसे आएंगी? उसका क्या फॉर्मूला होगा, जिससे साझा विपक्ष भाजपा को चुनौती दे सकेगा? यह तो कतई संभव नहीं है कि सभी पार्टियों का सभी राज्यों में तालमेल हो। क्योंकि ज्यादातर पार्टियां एक से ज्यादा राज्य में लड़ने लायक नहीं हैं। उनके पास न संगठन है और न नेता हैं। इसलिए राज्यवार विपक्ष की साझेदारी बने और विपक्ष उन सीटों पर ध्यान केंद्रित करे, जहां पिछले चुनाव में भाजपा को कड़ी टक्कर मिली थी या भाजपा जहां कम वोटों के अंतर से जीती है। इसकी रणनीति बनाते हुए यह ध्यान रखना होगा कि इन सीटों पर भाजपा भी अपनी रणनीति बना रही है। भाजपा 144 ऐसी सीटों पर ध्यान केंद्रित किए हुए है, जहां वह पिछली बार चुनाव हारी थी और इसके अलावा 77 ऐसी जीती हुई सीटों पर उसका फोकस है, जहां वह पिछली बार एक लाख से कम वोट के अंतर से जीती थी। इसमें कई सीटें हैं, जो पार्टी कुछ हजार वोट से जीती है। झारखंड की खूंटी लोकसभा सीट पर भाजपा दो हजार वोट से तो लोहरदगा में 10 हजार और दुमका में 45 हजार वोट के अंतर से जीती थी। इन सीटों पर भाजपा की विशेष तैयारी हो रही है। तभी विपक्षी पार्टियों को भी ऐसी सीटों पर अपनी साझेदारी बनाने और साझा उम्मीदवार उतारने की योजना पर काम करना चाहिए। चुनावी आंकड़ों का विश्लेषण करने वाली संस्था सीएसडीएस ने भाजपा की कम अंतर से जीती सीटों का विश्लेषण किया है, जिससे पता चलता है कि ऐसी सीटों पर पिछले चुनाव में दूसरे और तीसरे स्थान पर रही विपक्षी पार्टियों के वोट जोड़ दें तो ज्यादातर सीटों पर भाजपा हार जाएगी। यानी विपक्ष का वोट बंटने से भाजपा जीती है। अगर एक लाख से कम अंतर से हारी 77 सीटों पर विपक्ष साझा उम्मीदवार उतार दे तो वह 50 सीटें जीत सकती है और 10-12 सीटें पर भाजपा को कड़ी टक्कर दे सकती है। अगर ऐसा हो जाता है तो भाजपा की सीटें 303 से कम होकर बहुमत के 272 के आंकड़े से काफी नीचे आ जाएंगी। यह बहुत सरल विश्लेषण है। इसमें यह माना गया है कि एक लाख वोट से ज्यादा अंतर से जीती हुई सारी सीटें भाजपा फिर जीतेगी ही। ऐसी सीटों की संख्या 227 है। इनमें से 105 सीटें तो ऐसी हैं, जिन पर भाजपा तीन लाख से ज्यादा अंतर से जीती है और 59 सीटें ऐसी हैं, जिन पर उसकी जीत का अंतर दो से तीन लाख वोट का था। ऐसी सीटों पर भाजपा को ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं है। हालांकि इस बारे में पक्के तौर पर अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है क्योंकि लोकसभा चुनाव से पहले करीब 10 छोटे-बड़े राज्यों में विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं। राज्यों के चुनाव नतीजों से बहुत कुछ बदलेगा। अभी जो धारणा बन रही है कि भाजपा जब 2024 का चुनाव लड़ने जाएगी तो उसके खिलाफ 10 साल की एंटी इन्कंबैंसी होगी और महंगाई, बेरोजगारी आदि समस्याओं की वजह से भाजपा को नुकसान हो सकता है, वह धारणा राज्यों के चुनाव नतीजों से प्रभावित होगी। अगर भाजपा हारती है तो उसके लिए 2024 में मुश्किल आएगी। लेकिन उससे पहले अभी का माहौल देख कर लगता नहीं है कि विपक्ष किसी तरह से भाजपा को सवा दो सौ सीटें से नीचे रोक सकता है। सबसे बड़ी पार्टी भाजपा रहेगी, यह तय दिख रहा है। भाजपा की सीटें कम करना भी तभी संभव है, जब विपक्षी पार्टियों में पूरी तरह से एकजुटता स्थापित हो। अगर ऐसा नहीं हुआ और विपक्ष के वोट बंटे तो फिर भाजपा को रोकना मुश्किल होगा। जहां तक कांग्रेस की बात है तो उसे भी उन्हीं राज्यों और उन्हीं सीटों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जहां वह पिछले चुनाव में कम अंतर से हारी थी और जहां उसका जनाधार और संगठन दोनों हैं।

# ढलती सांझें नारकीय जीवन जीने को मजबूर?

नरेन्द्र भारती

बेषक प्रत्येक वर्श एक अक्तूबर को विष्व वृद्ध दिवस मनाया जाता है मगर ऐसे आयोजन औपचारिकता भर रह गए हैं। केवल मात्र एक दिन बड़ी धूमधाम से कार्यक्रम किए जातें हैं बाकि 364 दिन इन वृद्धों को कोई याद तक नहीं करता वृद्धों कें नाम पर चलाई जा रही योजनाएं कागजों में ही क्रियान्वित होती हैं।बुजुर्ग ढलती साझें है।ढलती साझें आज नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं।वृद्वों को आश्रमों में भेजा जा रहा है।बुजुर्ग किसी दूसरे द्वारा नहीं बल्कि अपने ही बेटों के कारण उपेक्षित हैं षायद यह उनका दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि जिन बच्चों के लिए अपना पेट काटकर व भूखे रहकर उनका पालन पोशण किया आज वही बेटे उन्हे दर-दर की ठोकरें खाने के लिए मजबूर कर रहे हैं। बुजुर्गों का तिरस्कार,एक खौफनाक त्रासदी है।आज देष में बुजुर्गों की जो हालत हो रही है उसके मामले समय-समय पर उजागर होते रहते है।कहते है बुजुर्ग अनुभवों की खान होते हैं।बुजुर्ग वटवृक्ष के सामान होते हैं जिनकी षीतल छाया में बच्चे सुरक्षित रहते है मगर आज अपने ही वृक्ष को काटने पर उतारु हो गए हैं। देष में आज लाखों वृद्ध लोग नारकीय जीवन जीने पर मजबूर हैं तथा दुसरों पर मोहताज हैं।बुजुर्गों ने पाई-पाई जोड़कर जिन बच्चों को मंहगी व उच्च तालिम देकर पैरों पर खड़ा किया आज उन्ही के सामने दो जून की रोटी के लिए गिड़गडा रहे है।मां-बाप का कर्ज आज तक कोई नहीं चुका पाया है। बुजुर्गों ने अपनी खुषियों का गला घोंटकर अपने बच्चों को हर खुषी प्रदान की मगर आज वही चिराग माता -पिता के दुष्मन बन गए हैं बुजुर्ग परिवार का स्तम्भ होते हैं। आज देष में बुजुर्ग लोग तिरस्कृत जीवन जीने को मजबूर हैं। केन्द्र सरकार द्वारा वृद्धों के भरण-पोशण के लिए कानून बनाए हैं मगर वे फाईलो की धूल चाट रहे हैं नजीजन लोग कानूनों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। आधुनिक युग की तथाकथित बहुएं व कलयुगी बेटे बुजुर्गों से बुरा व्यवहार कर रहे हैं।लेकिन एक दिन उन्हे भी बुढापा आयेगा तब उन्हें भी अपनी करनी का फल अवष्य मिलेगा। आज बुजुर्गो को स्टोर रुम में रखा जाता है मगर एक दिन स्टोर रुम तुम्हारा भी इंतजार कर रहा है जब तुम्हे भी ऐसा ही नसीब होगा।क्योंकि जैसा बोओगे वैसा ही काटोगे। अक्सर देखा गया है कि अधिकांष लोग वृद्ध आश्रमों की षरण ले रहे हैं क्योकि जब यह लोग दुखी हो जाते हैं तो वृद्ध आश्रम ही आखिरी विकल्प सूझता हैं। आज बहुत से वृद्ध एकाकी जीवन जी रहे हैं। बेटों के पास आज समय नहीं हैं कि अपनों का सहारा बने हमें घर में अपने बुजुर्गों की दिन-रात सेवा करनी चाहिए क्योकिं बुजुर्गों की सेवा से बड़ा कोई तीर्थ नहीं हैं। आज स्थिति यह है कि वृद्ध लोग दाने-दाने को तरस रहे हैं।विडम्बना देखिए कि आज मां-बाप का बंटबारा किया जा रहा है उन्हे महिनों में बांटा गया है कि इस माह किस बेटे के पास खाना खाना है तथा अगले महिने देसरे बेटे के घर खाना है।जिन मां बाप ने अपने बेटों में कभी भेदभाव तक नहीं किया आंच तक नहीं आने दी कांटा तक चुभने नहीं दिया आज वही बच्चे उनका बंटवारा कर रहे हैं।ऐसी परिसिथितियों के कारण कई लोग असमय ही मौत को गले लगा रहे हैं।बुजुर्गों के साथ बेंटो द्वारा मारपीट की घटनाएं भी होती रहती हैं।मारपीट के कारण कई मारे जा चुके हैं। ऐसी औलादें समाज पर कलंक है जो अपने ही जन्मदाताओं को नरक की जिन्दगी दे रहे है।लेकिन कहते हैं इतिहास अपने आप को दोहराता है। समय बहुत बलवान होता है एक दिन सजा जरुर मिलेगी।गरीब लोग तो माता -पिता व बुजुर्गों की अच्छी सेवा करते है मगर साधन संपन्न लोगो द्वारा आज बुजुर्गो को ओल्ड ऐज होम तथा सरकार द्वारा बनाए गए वृद्ध आश्रमों में धकेला जा रहा है।

आज वृद्धो को पुराना सामान समझ कर निकाला जा रहा हैं। लेकिन दुनिया में सब कुछ मिल जाता है मगर मां-बाप नहीं मिलते। बेचारे बुजुर्ग जिन पोते पोतियों को कंधों पर बिठाकर स्कूल से लाते थे और छोडते थे आज वही उनकी पिटाई तक करते हैं तथा उनका मजाक उडाते हैं।कुछ बुजुर्ग तो घर में ही कैद होकर रह गए हैं वे गुमनामी के अन्धेरे में जीने को मजबूर हैं। वृद्ध आज दयनीय स्थिति में जीवनयापन कर रहे हैं।सरकारों ने बुजुर्गों को पैषन की सुविधा दी है पर वह भी नाकाफी साबित हो रही है।सरकार को सख्ती से कानून लागू करने चाहिए ताकि वृद्धों को उनका हक मिल सके।सरकार व प्रषासन को ऐसे लोगों के विरुद्ध ठोस कारवाई करनी चाहिए तथा बुजुर्गों का अनादर करने वालो को दंडित किया जाए।दुनिया में सब कुछ मिल जाता है मगर मां-बाप एक ही बार मिलते है।जब तक बुजुर्गो को उनका सम्मान नहीं मिलेगा ऐसे वृद्ध दिवसों की कोई सार्थकता नहीं होगी।

# क्षमा भाव आत्मसात करें

बुद्धि का अर्थ है नीर-क्षीर विवेक करने वाली शक्ति और ज्ञान का अर्थ है आत्मा तथा पदार्थ को जान लेना। ज्ञान का अर्थ है आत्मा तथा भौतिक पदार्थ के अन्तर को जानना। आधुनिक शिक्षा में आत्मा के विषय में कोई ज्ञान नहीं दिया जाता, केवल भौतिक तत्वों तथा शारीरिक आवश्यकताओं पर ध्यान दिया जाता है। फलस्वरूप शैक्षिक ज्ञान पूर्ण नहीं हैं। असम्मोह अर्थात संशय तथा मोह से मुक्ति तभी प्राप्त हो सकती है, जब मनुष्य झिझकता नहीं और दिव्य दर्शन को समझता है। वह धीरे-धीरे निश्चित रूप से मोह से मुक्त हो जाता है। क्षमा का अभ्यास करना चाहिए। मनुष्य को सहिष्णु होना चाहिए और दूसरों के छोटे अपराध क्षमा कर देना चाहिए। सत्यम का अर्थ है तथ्यों को सही रूप में अन्यों के लाभ के लिए प्रस्तुत किया जाए। तथ्यों को तोड़ना-मरोड़ना नहीं चाहिए। सामाजिक प्रथा के अनुसार कहा जाता है कि वही सत्य बोलना चाहिए, जिससे दूसरे लोग समझ सके कि सच्चाई क्या है। कोई चोर है और यदि लोगों को सावधान कर दिया जाये कि अमुक व्यक्ति चोर है, तो यह सत्य है। यद्यपि सत्य कभी-कभी अप्रिय होता है, किन्तु कहने में संकोच नहीं करना चाहिए। सत्य की मांग है कि तथ्यों को यथारूप में लोकहित के लिए प्रस्तुत किया जाए। यही सत्य की परिभाषा है। दम का अर्थ है इन्द्रियों को व्यर्थ विषयभोग में न लगाया जाए। अनावश्यक इन्द्रियभोग आध्यात्मिक उन्नति में बाधक है। मन पर भी अनावश्यक विचारों के विरुद्ध संयम रखना चाहिए। इसे शम कहते हैं। मनुष्य धन-अर्जन के चिन्तन में ही सारा समय न गवाए। यह चिन्तन शक्ति का दुरुपयोग है। मन का उपयोग मनुष्यों की मूल आवश्यकताओं को समझने के लिए किया जाना चाहिए। साधुपुरुषों, गुरुओं महान विचारको की संगति में रहकर विचार-शक्ति का विकास करना चाहिए।

# पायल पहनने के हैं कई फायदे



भारत में पायल पहनना महिलाओं की खूबसूरती बढ़ाने के अलावा सौभाग्यशानी भी माना जाता है। वास्तुशास्त्र के हिसाब से देखा जाये तो महिलाओं के पैरों में पायल पहनने से घर की नकारत्मक शक्तियां दूर हो जाती है। इसके अलावा पायल पहनना महिलाओं के स्वास्थ्य के साथ-साथ घर को भी बहुत फायदे होते है।

### खूबसूरती बढ़ाए

पायल पहनने से पैरों की खुबसूरती भी बढ़ जाती है। इसके अलावा पायल की आवाज से पुरुष आपकी ओर आकर्षत होते है। अगर आप भी अपने पार्टनर को अपनी तरह आकर्षत करना चाहती है तो आज से ही पायल पहनना शुरु कर दें।

### पार्टनर के लिए फायदेमंद

आपके पायल पहनने से जब आप अपने कमरे की तरफ जाएगी तो आपके पार्टनर पहले ही सर्तक हो जाएगा। आपकी पायल की आवाज सुनकर आपका पार्टनर खुद को असहज होने वाली स्थिति से बचा लेते है।

### रिश्ते में बढ़ता है प्यार

महिलाओं के पायल पहनने से पार्टनर के बीच की नकारात्मका दूर हो जाती है। इससे आपके और पार्टनर के बीच प्यार बढ़ता है। इससे अलावा महिलाओं के पायल पहनने से घर का माहौल भी ठीक रहता है।

### हड्डियां होती हैं मजबूत

अच्छे स्वास्थ्य के लिए पायल पहनना बहुत ही फायदेमंद होता है। पायल आमतौर पर चांदी की होती है और ऐसे में इसको पहनने से हड्डियां मजबूत होती है। पायल के धातु के तत्व त्वचा के द्वारा शरीर के अंदर जाकर हड्डियों को मजबूत करते है।

### शरीर का तापमान

पायल से शरीर का तापमान भी नियंत्रित रहता है।

# क्या आप जिम करने के साथ प्रोटीन लेते हैं तो यहां जान ले एक्सपर्ट्स की राय

कुछ लोगों को बॉडी बनाने का काफी शौक होता है वह इसके लिए प्रोटीन पाउडर समेत कई सप्लीमेंट्स यूज करते हैं जानकारों के अनुसार पाउडर प्रोटीन पाउडर का इस्तेमाल थोड़ा सोच समझ कर ही करना चाहिए इस मामले में लापरवाही बरतना आपके लिए नुकसानदायक हो सकता है आज हम आपको बताते हैं कि अगर आप जिम के साथ प्रोटीन डाइट ले रहे हैं तो कैसे अपना ध्यान रखें।



हेल्थ एंड फिटनेस कोच के अनुसार जिम के दौरान सभी लोगों को नेचुरल तरीके से प्रोटीन की मात्रा पूरी करने की सलाह दी जाती है मसल मास को मेंटेन करने के लिए व्यक्ति को 1 किलोग्राम वजन पर 1 ग्राम प्रोटीन की जरूरत होती है जो लोग अपनी डाइट में अंडे ,मटर ,पनीर, चिकन, दूध ,दही को शामिल करते हैं उन्हें जरूरत के हिसाब से प्रोटीन मिल जाती है लेकिन कई बार लोगों नेचुरल तरीके से प्रोटीन ले नहीं पाते ऐसे में कभी-कभी उन्हें प्रोटीन पाउडर की सलाह दी जाती है।

हालांकि प्रोटीन पाउडर काफी सावधानी के साथ खरीदना चाहिए मार्केट में मौजूद कई प्रोडक्ट हेल्थ के लिए नुकसानदायक भी हो सकते हैं डाइटिशियन के अनुसार जो लोग लीवर की समस्या से जूझ रहे हैं उन्हें प्रोटीन पाउडर लेने की सलाह नहीं दी जाती है इसके अलावा अलावा किडनी व अन्य इंटरनल डिजीज वाले मरीजों को किसी भी तरह के सप्लीमेंट लेने की मनाही होती है।

# जानिए क्या होता है ह्यूमिडिफायर और इसका इस्तेमाल करना कैसे है लाभदायक

ह्यूमिडिफायर एक ऐसा उपकरण है, जो घर में नमी को बढ़ाने का काम करता है। वैसे अमूमन मरीजों को आराम देने के लिए मेडिकल वेंटिलेटर में ह्यूमिडिफायर शामिल होता है क्योंकि गर्म और शुष्क जलवायु में जब नमी का स्तर 10-20ह तक गिर जाता है तो उनकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। घरों में 30-50 प्रतिशत नमी होनी जरूरी है। आइए आज हम आपको बताते हैं कि ह्यूमिडिफायर कैसे काम करता है और यह आपके लिए उपयोगी क्यों है।



### ह्यूमिडिफायर के प्रकार

कंसोल ह्यूमिडिफायर पूरे घर में नमी उत्पन्न करने के लिए पर्याप्त होते हैं। स्टीम वेपोराइजर भाप बनाने के लिए बिजली का इस्तेमाल करते हैं, जिसे डिवाइस से बाहर निकलने से पहले ठंडा किया जाता है। अल्ट्रासोनिक ह्यूमिडिफायर पानी को वाष्पीकृत करने के लिए कंपन का इस्तेमाल करते हैं। दूसरी ओर वाष्पीकरण करने वाले पानी के वाष्पीकरण से पहले हवा से नमी पैदा करते हैं। सेंट्रल एयर कंडीशनिंग से जुड़े सेंट्रल ह्यूमिडिफायर पूरी एक इमारत के लिए बेहतर होते हैं।

### ह्यूमिडिफायर का इस्तेमाल करने से मिलने वाले फायदे

ह्यूमिडिफायर कम नमी के कारण होने वाले एटोपिक डर्मेटाइटिस और सेबोरहाइक डर्मेटाइटिस जैसी त्वचा संबंधित समस्याओं से सुरक्षित रखने में मदद कर सकता है। यही नहीं, यह सेबोरहाइक डर्मेटाइटिस के रोगियों को होने वाली समस्याएं जैसे लालिमा, पपड़ीदार त्वचा के घावों और बालों का झड़ना आदि के जोखिम भी कम करता है। ह्यूमिडिफायर का उपयोग आपको ड्राई आई सिंड्रोम से बचाए रखने में भी सहायक है। यह एक समस्या है, जिसमें आंखें पर्याप्त आंसू का निर्माण नहीं कर पाती हैं।

### ह्यूमिडिफायर के इस्तेमाल से घर को मिलने वाले लाभ

स्वास्थ्य से जुड़े लाभों के अलावा ह्यूमिडिफायर आपके फर्नीचर, घर की सजावट और फर्श के लिए भी लाभदायक है। दरअसल, कम नमी के कारण लकड़ी का फर्नीचर, घर की दीवारे और फर्श के खराब होने या इनमें दरारें उत्पन्न का कारण बन सकती है। बहुत कम नमी के कारण कागज से बनी चीजें जैसे किताबें और वॉलपेपर भी खराब हो सकते हैं।

### ह्यूमिडिफायर के नुकसान

अगर आप एक गंदे ह्यूमिडिफायर का उपयोग करते हैं तो इसके कारण आपको कई समस्याओं से दो-चार होना पड़ सकता है क्योंकि गंदा ह्यूमिडिफायर बैक्टीरिया और फफूंद को उत्पन्न करता है। यहीं नहीं, इसका अधिक इस्तेमाल घर में अधिक नमी उत्पन्न करता है, जो दीवारों में सीलन समेत फफूंद का कारण बन सकता है। इसके अतिरिक्त, स्टीम बेस्ड ह्यूमिडिफायर गर्म होते हैं और अगर सावधानी से इनका इस्तेमाल न किया जाए तो इससे त्वचा के जलने का खतरा रहता है।

### ह्यूमिडिफायर को साफ करने का तरीका

सबसे पहले उपकरण को अनप्लग करें और इसे खाली करें, फिर इसके टैंक को रोजाना पानी से धोकर सुखाएं। हफ्ते में एक बार इसे कीटाणुरहित करने के लिए सिरके के घोल का उपयोग करें। इसके टैंक को कई बार पानी से धोकर सुखाएं ताकि कोई भी सफाई रसायन न रहे और जब आप इसका उपयोग कर रहे हों तो इसकी भाप हवा में मिल जाए। इसके फिल्टर को बार-बार जांचें और निर्माता के निर्देशों के अनुसार उन्हें बदलें।



# इतिहास से स्नातक करने वालों के पास भी हैं कई अवसर

अगर आपने इतिहास से उच्चशिक्षा हासिल की है तो भी आप बेहतर कैरियर बना सकते हैं। यह सही है कि इतिहास से स्नातक करने वाले छात्रों के लिए रोजगार के अवसर अपेक्षाकृत कम हैं, परन्तु फिर भी कई अवसर आपके पास उपलब्ध हैं। सबसे पहले प्रतियोगी परीक्षा जैसे स्टेट सिविल सेवा, बैंक प्रोबेशनरी ऑफिसर, रेलवे, कंबाइंड डिफेंस सर्विस के रास्ते इतिहास स्नातकों के लिए खुले हैं। आप हर उस गैर तकनीकी सेवा में जाने की योजना बना सकते हैं, जिसमें प्रवेश के लिए स्नातक की डिग्री आवश्यक है। इस प्रकार की रिक्तियों की जानकारी के लिए नियमित रूप से रोजगार समाचार देखते रहें। अन्य विकल्प के तौर पर देश के विभिन्न संग्रहालय ऐसे पोस्ट-ग्रेजुएट्स को खोजते हैं, जिन्होंने इतिहास या संग्रहालय विज्ञान में स्नातकोत्तर की पढ़ाई की है। ऐसे छात्रों को संग्रहालयों और आर्ट गैलरी में रिकॉर्ड इन्फॉर्मेशन ऑफिसर, म्यूजियम क्यूरेटर, रिकॉर्ड मैनेजर, आर्किविस्ट जैसे पदों पर नियुक्त किया जाता है। इस प्रकार की रिक्तियों की जानकारी के लिए नियमित रूप से देश भर के विभिन्न संग्रहालयों की वेबसाइट देखते रहें।

इसके अलावा ट्रेवल एंड टूरिज्म का क्षेत्र करियर के लिहाज से हिस्ट्री ग्रेजुएट्स के लिए अधिक कारगर है, क्योंकि ऐसे छात्रों को देश के विभिन्न ऐतिहासिक स्थानों की गहन जानकारी होती है और वे उन जगहों के बारे में अपेक्षाकृत अधिक विस्तार से पर्यटकों को बता सकते हैं। भारतीय इतिहास की अच्छी जानकारी रखने वाले छात्र को जहां एक ओर ट्रैवल एंड टूरिज्म कंपनियों में ट्रिप एडवाइजर की नौकरी आसानी से मिल जाती है, वहीं दूसरी ओर स्वरोजगार में रुचि रखने वाले स्नातक अपनी स्वयं की भी टूर एंड ट्रैवल एजेंसी स्थापित कर सकते हैं। इनके अतिरिक्त टीचिंग, लॉ, एमबीए, पब्लिक रिलेशन, इवेंट मैनेजमेंट और पत्रकारिता - ये कुछ अन्य ऐसे सामान्य करियर विकल्प हैं, जो इतिहास में स्नातक कारने वालों के लिए खुले हुए हैं।

# गर्भावस्था के दौरान महिलाएं न करें यह काम

अधिकांश महिलाएं गर्भावस्था के दौरान अपनी रोजमर्रा की एक्टिविटी को ही जारी रख सकती हैं, बस उन्हें अपने लाइफस्टाइल में कुछ बदलाव करने होते हैं और कुछ खाने की चीजों से बचना होता है। अगर महिलाएं ऐसा नहीं करती हैं तो उनकी और भ्रूण की सेहत पर गलत असर पड़ सकता है। आज इस आर्टिकल में कुछ ऐसी चीजों के बारे में बता रहे हैं जिनका कंसीव करने के बाद सेवन नहीं करना चाहिए।

### अल्कोहल का सेवन

जब एक गर्भवती महिला शराब पीती है तो शराब प्लैसेंटा पार कर जाती है और भ्रूण को प्रभावित कर सकती है। इससे भ्रूण अल्कोहल सिंड्रोम भी हो सकता है। गर्भ में शराब के संपर्क में आने से भ्रूण अल्कोहल सिंड्रोम संबंधित कई समस्याएं हो सकती हैं।

### ज्यादा कैफीन

जिस तरह शराब प्लैसेंटा को पार कर जाती है, उसी तरह कैफीन भी प्लेसेंटा को पार कर सकती है और भ्रूण को प्रभावित कर सकती है। कुछ रिसर्च बताती हैं कि रोजाना 300 मिलीग्राम से अधिक कैफीन का सेवन नहीं करना चाहिए। कुछ एक्सपर्ट का मानना है कि इससे अधिक मात्रा भ्रूण के लिए हानिकारक हो सकती है और बच्चे को नुकसान हो सकता है।



### हॉट बॉथ और ओवरहीटिंग

अमेरिकन प्रेग्नेंसी एसोसिएशन के अनुसार, हॉट टब हाइपरथर्मिया या असामान्य रूप से शरीर का तापमान बढ़ा देते हैं। इससे बच्चे में कई असामान्यताएं हो सकती हैं इसलिए नीचे बताई हुई एक्टिविटी प्रेग्नेंसी के दौरान करने से बचेंः

### हॉट योग या पिलाटीज

- देर तक धूप में बैठना
- अधिक गर्म जगह पर बैठना
- डिहाइड्रेशन

### कुछ प्रकार की एक्सरसाइज

गर्भावस्था के दौरान चलना, तैरना और स्क्वॉट करना फायदेमंद हो सकता है। लेकिन इससे पहले भी डॉक्टर की सलाह लें। लेकिन गर्भवती महिलाओं को नीचे बताई हुई एक्सरसाइज को करने से बचना चाहिएः

### जंपिंग एक्सरसाइज

- झटका लगने वाली एक्सरसाइज
- पहले तीन महीने के बाद सिटअप, क्रंचेज जैसी एक्सरसाइज
- हैवी लिफ्टिंग

### धूम्रपान

गर्भावस्था के दौरान सिगरेट पीने से महिला और बच्चे दोनों को नुकसान हो सकता है। इससे हार्ट डिसीज और फेफड़े के कैंसर का जोखिम तो बढ़ता ही है साथ ही साथ गर्भवस्था के दौरान स्मोकिंग करने से नीचे बताई हुई समस्याएं भी हो सकती हैंः

- समय से पहले जन्म
- जन्मजात असामान्यताएं
- अचानक से बच्चे की डेथ होना
- प्लेसेंटा की समस्याएं।

# मुंहासे ठीक होने के बाद छोड़ जाते हैं स्किन पर अपने दाग, इन तरीकों से करें इन्हें दूर


चहरे पर मुंहासे अर्थात पिंपल्स होना आम बात हैं जिसके पीछे कई कारण हो सकते हैं। स्किन पर हुए ये मुंहासे दर्द तो देते ही हैं लेकिन इसी के साथ ही सुंदरता में भी कमी लाने का काम करते हैं। अक्सर देखने को मिलता हैं कि मुंहासे ठीक हो जाने के बाद स्किन पर दाग छोड़ जाते हैं जो चेहरे की सुंदरता खराब करते हैं। मुंहासों के दाग-धब्बे को कम करने के लिए महिलाएं कई तरह के ब्यूटी ट्रीटमेंट की मदद लेती हैं जो महंगे होने के साथ ही इतने प्रभावी साबित नहीं होते हैं। इन दाग-धब्बों से छुटकारा पाने के लिए आपको जरूरत होती हैं प्राकृतिक चीजों की जो स्किन को अंदरूनी पोषण प्रदान करते हुए बेदाग स्किन पाने में आपकी मदद करें। आइए जानते हैं ऐसे नुस्खों के बारे में...

### ऑरेंज पील पाउडर

संतरा विटामिन ष्ट का प्रमुख स्त्रोत है। सेहत के साथ-साथ ये स्किन के लिए भी बहुत फायदेमंद है। इसके सिट्रिक एसिड दाग-धब्बों को हल्का करते हैं। संतरे के छिलके का पाउडर का बनाकर इसे शहद के साथ मिलाकर दाग वाली जगह पर लगाएं। 15-20 मिनट के बाद गुनगुने पानी से चेहरा धो लें। इसे हर एक दिन छोड़कर लगाने से फायदा होगा।

### बेसन

त्वचा का पीएच लेवल बनाए रखने व त्वचा साफ करने के लिए बेसन काफी उपयोगी है। मुंहासों के दाग-धब्बे हटाने के इस उपाय के लिए 1 चम्मच बेसन, गुलाब जल व आधा



चम्मच नींबू का रस मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को दाग-धब्बों पर लगाएं और सूखने के बाद सामान्य पानी से धो लें। बेहतर परिणाम के लिए एक दिन छोड़कर इस उपाय को अपनाएं।

### नारियल का तेल

नारिलय में एंटीबैक्टीरियल और एंटीइन्फ्लामेट्री गुण होते हैं जो जो स्किन की ज्यादातर दिक्कतों को ठीक कर देते हैं। इसमें विटामिन ए और के भी होता है जो स्किन में जलन की समस्या दूर करता है। दाग वाली जगह पर नारियल का तेल लगाकर पूरी रात छोड़ दें और अगले दिन सुबह पानी से चेहरा धो लें। इसे आप हर दिन लगा सकते हैं।

### फ्रूट मास्क

अगर मुंहासों के दाग अधिक डार्क हैं तो उसके लिए फ्रूट मास्क अप्लाई कर सकती हैं। इसके लिए पपीता का पल्प लें और उसमें टमाटर का पल्प मिक्स कर दें। आप चाहें तो इसमें ऑरेंज का भी पल्प मिक्स कर सकती हैं। अब इस फेस पैक को रोजाना अपने चेहरे पर लगाएं और आधे घंटे के लिए छोड़ दें। इसके बाद नॉर्मल पानी से चेहरे को साफ कर लें। वहीं जब भी आपके चेहरे पर पिंपल्स आ जाए तो उसे हाथ लगाने से बचें। इससे एक्ने इंफेक्शन हो सकता है।

### एलोवेरा

एलोवेरा भी स्किन से जुड़ी सारी समस्याओं को दूर करने में फायदेमंद है। इसमें एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं जो स्किन इंफेक्शन की समस्या को दूर करते हैं। ये स्किन की जलन को दूर कर ठंडक पहुंचाने का काम करते हैं। ये मुंहासों के दाग को दूर करने में भी असरदार हैं। अगर आपके घर एलोवेरा का पौधा है तो आप सीधे इसका जेल निकालकर चेहरे पर लगा सकते हैं। इसे चेहरे पर रात भर लगाकर छोड़ दें और सुबह उठकर धो लें।

### टी ट्री ऑयल

मुंहासे वाली त्वचा के लिए टी ट्री ऑयल सबसे प्रभावी तरीकों में से एक है। इसमें भी एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीमाइक्रोबियल गुण होते हैं, जो त्वचा पर पिंपल्स और दाग-धब्बों से छुटकारा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# सोना धारण करने से पहले रखें इन बातों का ध्यान



ज्योतिष के अनुसार सोना बृहस्पति (गुरु) ग्रह को प्रभावित करता है। केवल शौक के लिए सोना नहीं पहनना चाहिए। जरूरत और लाभ को ध्यान में रखकर ही सोना धारण करना चाहिए। सोना पहनने से आपको फायदा होता है तो यह आपको धनवान और समृद्ध बनाता है। कई बार ऐसा भी होता है कि सोना आपको नुकसान पहुंचाता है लेकिन आप समझ नहीं पाते। इसके लिए आप सोना पहनने से पहनने से पहले किसी पंडित या ज्योतिष से सलाह ले सकते हैं।

**राशि के अनुसार पहनें सोने के जेवरातः** आपका लग्न अगर मेष, कर्क, सिंह और धनु है तो आपके लिए सोना धारण करना उत्तम होगा। वृश्चिक और मीन लग्न के लोगों के लिए मध्यम और वृषभ, मिथुन, कन्या और कुंभ लग्न के लिए उत्तम नहीं होता है। तुला और मकर लग्न के लोगों को सोना कम से कम पहनना चाहिए।

**पैरों में कभी न पहनें सोनाः** सोना बहुत ही पवित्र माना जाता है, साथ ही यह काफी मूल्यवान भी होता है। सोना आपके भाग्य को जगा सकता है तो सुला भी सकता है। इसलिए इसकी सुरक्षा के साथ यह ध्यान रखना भी जरूरी है कि इसका उपयोग कैसे करें।

**सभी रत्नों में सर्वश्रेष्ठ हीरे के बारे में जानें कुछ रोचक तथ्यः** सोने को पैरों में कभी न पहनें। सोने की बिछियां या पायल नहीं पहननी चाहिए, यह बहुत ही पवित्र धातु है। यह गुरु ग्रह को प्रभावित करती है। पैरों में पहनने से संबंधित के जीवन में परेशानी आनी शुरू हो जाती हैं।

# पोहरी पुलिस ने 33 लाख 50 हजार रुपये की चोरी के मामले का 24 घंटे भीतर खुलासा कर चोरी गये पैसों को बरामद किया, घर के सदस्य ने ही चोरी को दिया अंजाम

दैनिक पुष्पांजलि टुडे अरूण खंगार

पोहरी । थाना पोहरी पर फरियादिया अपने परिवार के साथ आकर रिपोर्ट किया कि मैं ग्राम पिपरघार मे अपने परिवार के साथ रहती हूं, बीते कल की बात है कि मेरे पति, व ससुर मेरी ननद के पास शिवपुरी गये थे मैं और मेरा लड़का घर पर थे । मेरा लड़का भैंस चराने की बोल कर चला गया और मैं भी घर का ताला लगा कर खेत पर चली गयी, जब मैं घर आई तो देखा की घर के ताले टूटे पड़े हैं मैने घर के अंदर जाकर देखा तो अंदर रखी अटैची का भी ताला टूटा पड़ा मिला और उसमे रखे पैसों मे से 33 लाख 50 हजार रुपये चोरी हो गये । फरियादिया द्वारा अपने लड़के पर संदेह जाहिर किया । रिपोर्ट पर से थाना पोहरी पर अपराध क्रं. 218/2022 धारा 380 भादवि का कायम कर विवेचना मे लिया गया ।

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल द्वारा घटना को गंभीरता से लेते हुये आरोपी की जल्द से जल्द गिरफ्तारी एवं चोरी हुये मश्रुका की बरामदगी हेतु निर्देश दिये, अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण



कुमार भूरिया एवं एसडीओपी पोहरी श्री एस.एस. मुमताज के मार्गदर्शन मे पुलिस थाना प्रभारी विनोद यादव दल के टीम बनाकर रवाना हुए फरियादिया के लड़के की तलाश शुरु की गई। पुलिस द्वारा फरियादिया के लड़के की सायवर सेल द्वारा लोकेशन निकाली तो पता चला कि वह ग्वालियर मे है, पुलिस द्वारा तुरंत कार्यवाही करते हुये ग्वालियर पहुंचकर बोहड़ापुर थाना पुलिस के सहयोग से आरोपी को एक होटल से पकड़ लिया गया एवं पूछताछ कर उसके कब्जे से चोरी किये हुये पैसों को बरामद कर लिया गया । आरोपी लड़के व्दारा पुलिस को बताया कि वह बड़े शोक करना चाहता था गाड़ी, फोन लेना व कई जगहों पर घूमने के लिये उसने चोरी की घटना को अंजाम दिया । पुलिस द्वारा तत्काल तत्काल कार्रवाई में थाना प्रभारी विनोद यादव आरक्षक कुलदीप शर्मा संदीप राठौर थाना पडाव में पदस्थ उप निरीक्षक मूकेश शर्मा संदीप यादव की सराहनीय भूमिका रही आरोपी की गिरफ्तार कर पोहरी लेकर माननीय न्यायालय मे पेश किया जाएगा ।

## जिला उपाध्यक्ष अमित पड़रिया शंकर भैया के भतीजे का निधन

**बिजली के करंट लगने से हुई मौत ग्राम में शोक की लहर**


**हरिओम परिहार पुष्पांजली टुडे**



खनियाधाना के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मसूरी धपोरा में एक दर्दनाक हादसा जो सभी को अचंभे में कर गया है ग्राम राजपुर धपोरा तहसील खनियाधाना कुछ समय पहले की घटना है की वीर सिंह पुत्र स्वर्गीय शैलेंद्र कुमार लोधी अपने घर पर दोपहर करीबन 12ः00 बजे सो रहा था अचानक कूलर का तार गिर गया और सोते हुए शैलेंद्र कुमार लोधी पर कूलर पर पैर रखने पर ही बिजली करंट लगने से शैलेंद्र कुमार लोधी उम्र 30 वर्ष की करंट लगने से तुरंत मौके पर हुई मौत परिवार में गहरा शोक छाया हुआ है जिला उपाध्यक्ष शंकर भैया अमित पड़रिया ने परिवार जनों के लिए गहरी शोक संवेदनाएं दी है समस्त ग्राम में शोक छाया हुआ है एक नौजवान व्यक्ति को करंट की चपेट में आने से मृत्यु हो चुकी है जिसमें समस्त ग्रामीण बेहद दुखी है।

## सेवड़ा पहुंचे पंडोखर धाम महाराज

**श्यामू ठाकुर ने किया जोरदार स्वागत**



पुष्पांजली टुडे दतिया। पंडोखर धाम के परम पूज्य गुरुशरण महाराज आज सेवड़ा पहुंचे और वरिष्ठ समाजसेवी श्याम ठाकुर के निवास गोस्वामी मोहल्ला पर पहुंचे जहां श्यामू ठाकुर ने बैंड बाजों एवं शॉल श्रीफल देकर पूजनीय महाराज पंडोखर धाम का जोरदार स्वागत एवं सम्मान किया इस अवसर पर पंडोखर धाम के महाराज गुर शरण जी ने श्यामू ठाकुर को आशीर्वाद देते हुए कहा कि आप सदा साधु-संतों गरीबों वृद्धजनों की मदद करते हैं एवं सदैव मेरा ब संतो का सम्मान करते हैं आप सदा सुखी एवं निरोग रहे मैं ऐसी कामना करता हूं आपको बता दें कि पंडोखर धाम महाराज प्रसिद्ध त्रिकालदर्शी गुरु हैं जहां दिव्य दरबार लगता है और वह व्यक्ति के मन की बात बिना पूछे ही बता देते और उनकी शरण में मध्य प्रदेश से ही नही बल्कि देश विदेशो से भी भक्तगण पहुंचते हैं और उनकी मनोकामना पूर्ण होती है इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी श्यामू ठाकुर ने कहा कि महाराज का निवास पर आगमन एक बहुत ही गर्व एवं सौभाग्य की बात है जो हमारे निज निवास पर पधारे इस अवसर पर समाज सेवा टीम के संयोजक राहुल चौरसिया प्रदेश प्रभारी चौरसिया समाज मध्यप्रदेश नीरज शर्मा बबलू चौरसिया गोपी माली सुनील गुप्ता सुमित चौरसिया मातादीन जाटव जानू मूर्तिकार सहित कई सदस्य एवं सम्मानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## ब्लॉक काँग्रेस देवेन्द्रनगर ने मंडलम श्यामरडांडा में मनाई महात्मा गाँधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

### गाँधी जी के सिंद्धान्तों पर चलने का लिया संकल्प

मनीष पटेल पुष्पांजलि टुडे



पन्ना। ब्लॉक काँग्रेस कमेटी देवेन्द्रनगर के ब्लॉक अध्यक्ष आंनद शुक्ला के नेतृत्व में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी व देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जन्म जयंती मण्डलम ग्राम श्यामरडांडा में मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अथिति के रूप में गुन्नौर विधायक शिवदयाल बागरी एवं अध्यक्ष आनन्द शुक्ला के द्वारा सर्वप्रथम महात्मा गांधी व शास्त्री जी के छायाचित्र में माल्यार्पण व पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें याद किया। ततपश्चात उपस्थित कार्यकर्ताओं द्वारा भी उन्हें पुष्प अर्पित किये। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री आईटी सेल काँग्रेस रमेश अग्रवाल द्वारा किया गया। ब्लाक अध्यक्ष आंनद शुक्ला ने गांधी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि गाँधी जी सत्य अहिंसा के पुजारी थे। उन्होंने हमेशा निम्न वर्ग को उठाने के लिये प्रयास किये थे। व अश्पृश्यता को दूर किया। एवं गाँधी जी के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला।विधायक श्री बागरी ने सभी लोगों से एकजुट होकर गाँधी जी के सिद्धान्तों पर चलने का संकल्प लिया।जयंती कार्यक्रम में शिवदयाल बागरी विधायक,आंनद शुक्ला ब्लॉकअध्यक्ष,रामकरण पाण्डेय ब्लॉक उपाध्यक्ष,रमेश अग्रवाल जिला महामंत्री आईटी सेल,संदीप शुक्ला,जावेद खान,स्वदेश बाल्मीक,मुन्नी लाल चौधरी,रामभगत चौधरी,सुनील द्विवेदी, कडोरी लाल हरिजन,श्याम सुंदर परोहा,हर गोविंद परोहा,मंगल प्रसाद परोहा,रामेश्वर प्रसाद डिमहा, रामकुमार द्विवेदी, तुलसीदास उरमलिया,चन्द्रभान गौतम,पुष्पेंद्र शर्मा,राजेन्द्र द्विवेदी,रामेश्वर प्रसाद,रामसिंह राजपूत, सुरेंद्र कुमार चौधरी,बृजगोपाल मिश्रा,मनोज परोहा,मुरलीधर,राजबहादुर,पृथ्वीराज गौतम,विष्णु गौतम,अच्छेलाल चौधरी,अरविंद कुमार बढ़ई, स्वामीदीन विश्वकर्मा, रामकिशोर चौधरी सहित ब्लॉक काँग्रेस के समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया के जन्मदिवस पर जिला अस्पताल में फल वितरण किया गया

दैनिक पुष्पांजली टुडे

मंशापूर्ण मंदिर व अनाथ आश्रम में भी फल वितरण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

भिण्ड। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मध्यप्रदेश सरकार में सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री अटेर विधानसभा क्षेत्र से लोकप्रिय विधायक डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया के जन्मदिन पर उनके बड़े भाई समाजसेवी देवेन्द्र सिंह भदौरिया दद्दा ने जनपद अध्यक्ष अटेर श्रीमती कमला देवी शर्मा,भाजपा नेता विकास शर्मा के साथ जिला अस्पताल में मरीजों को फल एवं मिष्ठान वितरण करते हुए सहकारिता मंत्री डॉ. अरविन्द सिंह भदौरिया के स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री डॉ. भदौरिया के बड़े भाई समाजसेवी देवेंद्र सिंह भदौरिया दद्दा ने कहा कि भाई डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया ने राजनीति क्षेत्र में समाज सेवा के साथ रचनात्मक कार्य भी किए है, आज हम उनके जन्मदिन पर अस्पताल में मरीजों को फल वितरण करते हुए



उनके अच्छे स्वास्थ्य व सुदीर्घ आयु की कामना करते हैं। हमारी विचारधारा में सेवा ही संकल्प है, हम सब पूर्ण रूप से स्वस्थ रहें और निरोगी बने। फल वितरण कार्यक्रम में भाजपा नेता विकास शर्मा ने कहा कि डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया ने अपने व्यक्तित्व और कृतित्व से समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया है। वे हमेशा हम सब का मार्गदर्शन करते रहें, ऐसी ईश्वर से जन्मदिवस पर कामना करते हैं। हम सब उनका साथ कंधे से कंधा मिलाकर देते रहेंगे। भगवान उन्हें पूर्ण रूप से स्वस्थ रखें। इस अवसर पर समाजसेवी व गणमान्य नागरिक व भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्तागण सैकड़ों की संख्या में मौजूद रहे। वहीं मंशापूर्ण हनुमान जी मंदिर पर और अनाथ आश्रम में फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। साधु संतों को व निराश्रितों को भी फल वितरित किए गए। सहकारिता मंत्री के जन्मदिवस पर जिले में कई जगहों पर सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा उनके शुभचिंतकों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके अच्छे स्वास्थ्य व सुदीर्घ आयु के लिए कामना की।

## ग्राम चिरपुरा में रैली एवं नारों के माध्यम से स्वच्छता जागरूकता अभियान




**अम्बाह।**

दिनांक 2 अक्टूबर 2022 को गांधी जयंती के अवसर पर अंबाह पीजी कॉलेज अम्बाहके समाजशास्त्र विभाग के छात्रों ने ग्राम चिरपुरा ग्राम पंचायत बडफरा में एम. ओ .यू .के तहत स्वच्छता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया इस कार्यक्रम में रैली तथा नारों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया। समाजशास्त्र की प्राध्यापक डॉ.रक्षा कम्ठान ने ग्रामीण जनों कहां स्वच्छता आवश्यक है यदि हमें समाज में बदलाव देखना है तो हमें स्वयं में बदलाव लाना होगा । साफ सफाई से हमारा तन मन दोनों स्वस्थ और सुरक्षित रहते हैं गांधी जी ने कहा है ÷हर किसी को स्वयं अपना सफाई कर्मी होना चाहिए÷ हर व्यक्ति का कर्तव्य हैं ना गंदगी फैलाए और ना फैलाने दें यदि हम अपने आसपास के क्षेत्र को भी घर जैसे साफ सुथरा रखेंगे तो हम स्वस्थ और सुरक्षित रहेंगे । डॉ पूर्णिमा अग्रवाल जी ने पर्यावरण स्वच्छता के संबंध में ग्राम वासियों की जानकारी दी इस कार्यक्रम में पंकज भदौरिया तथा विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही।

## अखंड ज्योत से झड़ता केसर माताजी का प्रतिबिंब

पुष्पाजंली टुडे

कुक्षीः नगर के मध्य स्थिति अतिप्राचीन शक्ति स्वरूपा श्री आई माताजी का मंदिर नवरात्रि महापर्व के दौरान श्रद्धालुओ के लिए आस्था का विशेष केंद्र बना हुआ है। जहाँ प्रतिदिन हजारों की संख्या मे मातारानी के श्रद्धालु दर्शनार्थ पधार रहे हैं, मंदिर में अखंड ज्योत से झड़ता केसर माताजी का साक्षात प्रतिबिम्ब हैं जो श्रद्धालुओ को स्वतः ही आकर्षित करता है। विगत 25 वर्ष से नवरात्र में महाआरती व महाप्रसादी का आयोजन होता आ रहा है जिसमे हजारो की संख्या में श्रद्धालु दर्शनार्थ पधार रहे है।

यहाँ के श्री आई माता के मन्दिर का इतिहास कहा जाता है कि लगभग 400 वर्ष पूर्व राजस्थान से पलायन होकर सिर्वी समाज के पूर्वजों ने श्री आई माताजी की गादी पाठ व अखंड ज्योत की यहां स्थापना की थी। श्री आई माताजी अखंड ज्योत में समाहित होकर सांसारिक जीवन से विलय हो गई। तभी से इस अखंड ज्योत से झड़ता केसर माताजी का साक्षात प्रतिबिंब बना हुआ है। अखण्ड ज्योति का



मूल स्वरूप विद्यमान।कुक्षी नगर के मध्य सिर्वी मोहल्ले में स्थित इस प्राचीन मंदिर का वर्ष 2011 में जीर्णोद्वार हुआ तथा भव्य समारोह में धर्मगुरु दीवान माधवसिंहजी की मौजूदगी में प्राणप्रतिष्ठा संपन्न हुई थी। परंतु अखंड ज्योत व गादी पाठ जो पूर्व में थे उनके ही मूल स्वरूप को ही मन्दिर में विद्यमान रखा गया हैं। मन्दिर परिसर में अम्बे माताजी की मूर्ति,गादी पाठ,शिव परिवार व राम दरबार होने से यहां आने वाले श्रद्धालुओं को एक साथ सभी का दर्शन लाभ प्राप्त होता है।

*नवरात्र महोत्सव में रहता हैं विशेष श्रंगार व मन्दिर सजावट आकर्षण का केंद्र*

नवरात्र महोत्सव के दौरान मूर्तियों व मन्दिर परिसर की सजावट सिर्वी समाज के विभिन्न ग्रुपों व परिवारजनों के द्वारा आकर्षक सजावट व मन्दिर परिसर को विशेष रूप से सजाया जाता हैं जो हजारो दर्शनार्थियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहती है। हजारों भक्त पर्व के दौरान प्रतिदिन रात्रि में आयोजित महाआरती-महाप्रसादी में शामिल होकर दर्शन लाभ प्राप्त करते हैं। नवरात्र महोत्सव के मुख्य यजमान किशोर नेमाजी जमादारी प्रतिदिन विधिविधान से माताजी की पूजा अर्चना कर रहे है।गौरतलब है कि आई माता का मंदिर नगर में अपना विशेष स्थान रखता है। जहां सिर्फ सिर्वी समाज ही नहीं,नगर में निवासरत अन्य समाज के लोग भी पूर्ण आस्था व विश्वास के साथ यहां दर्शन करने पहुंचते हैं। श्री आई माताजी के दर्शन करने आसपास के नगर व गाँव से भक्तगण आते है। मंदिर के पुजारी पण्डित श्री घनश्याम चाष्ठा ने बताया की यहां हजारों लोग पूजा करने और मन्नत मांगने आते है। लोगों की मन्नत पूरी होने पर वे श्री आई माता को चढ़ावा चढ़ाते व फल व मिठाई में तोलते है।

आस्था व उल्लास का यह महोत्सव क्षत्रिय सिर्वी समाज सकल पंच समिति के अध्यक्ष कांतिलाल गहलोत,उपाध्यक्ष बाबूलाल गेहलोत व मंगाजी बर्फा,गोमाजी सेप्टा,कैलाश काग,रमेश काग,बाबूलाल मुलेवा समाज पंच समिति के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न होता है जिसमें बालिकाओ,महिलाओं,युवाओं,कला संगीत वादको,समाजजनों के साथ श्री नवदुर्गा उत्सव समिति का सराहनीय सहयोग रहता हैं। उक्त जानकारी सिर्वी समाज युवा संगठन कुक्षी तहसील के मीडिया प्रभारी मनोज काग ने दी।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्रों का नपा परिषद ने किया सम्मान

### नशा न करने की परिषद ने दिलाई शपथ

मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे


गोहद राष्ट्रपिता महात्मा गांधी प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के परिणाम में भारत एव मध्यप्रदेश मे उच्च स्थान प्राप्त करने के अवसर पर नगर पालिका परिषद गोहद प्रांगण में सफाई मित्र सम्मान समारोह आयोजित किया गया कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष मंजू जगदीश माहोर ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में गोहद नगरपालिका की रैकिंग अच्छे स्थान पर आने पर सभी कर्मचारियों का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया है इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद के 18 वार्डों के पार्षद मंच पर उपस्थित थे कार्यक्रम की शुरूआत 02 अक्टूबर से 30 नवंबर तक चलने वाले नशा मुक्ति अभियान की शपथ दिलाकर की गई नवनिर्वाचित परिषद ने मंच पर कर्मचारियों सहित नशा मुक्ति बंद किए जाने की शपथ ली। पार्षद शैलेंद्र दशरथ सिंह गुर्जर ने कहा है कि गोहद नगर पालिका द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के अंतर्गत अच्छा कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मान मिलना अति आवश्यक है आने वाले समय में और अच्छे अंक नगर पालिका परिषद गोहद को मिले इसके लिए हम लोग मिलकर एक साथ कार्य करेंगे मुख्य नगर पालिका अधिकारी



सतीश कुमार दुबे ने कहा है कि आने वाले समय में गोहद नगर पालिका को कचरा मुक्त शहर की श्रेणी में शामिल किये जाने के लिए और प्रयास किया जाएगा और निकाय को स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में कचरा मुक्त शहर घोषित किया जायेगा इसके लिए निकाय निरंतर प्रयास कर रही है। आज के कार्यक्रम में नगर पालिका के 120 कर्मचारियों में से 36 कर्मचारियों का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी सतीश कुमार दुबे व सहायक स्वच्छता प्रभारी आशीष शर्मा को भी परिषद ने श्रीफल साल प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया है। साथ ही सफाई दरोगा रामसेवक हरिओम अशोक खरे को भी सम्मानित किया गया है इस अवसर पर समस्त वार्डो के पाषर्गण नपा उपाध्ययक्ष श्री सुनील कांकर, लाखन सिंह गुर्जर, बृजेंद्र सिंह यादव, राघवेन्द्र भार्गव, मनीष मांझी, जगदीश माहौर, आत्मदास भटनागर, बहादुर गुर्जर, पिंकी सगर, अनुराग शुक्ला, अकरम खान, जितेन्द्र प्रजापति, साबू खान, प्रमोद कामत, मुनेश तोमर, विधायक प्रतिनिधि संजू तोमर, समीर खान, एंव नोडल अधिकारी मनोज उपाध्याय, बनवारी शरण गुप्ता, गौरव त्रिपाठी, लाल सिंह, दिनेश शर्मा, निधी भदौरिया, अमन श्रीवास्तव, रिषी शर्मा, लखन कुबेर, रामविलास सगर,आशीष् तेकाम, सूर्यवीर सिह, दीपक शर्मा, धर्मेन्द्र, अरूण, लालू, रोहित श्रीवास, इत्यादि नगर पालिका परिषद के कर्मचारी गण मौजूद रहे हैं।

हम सभी नगर वासियों की यह जिम्मेदारी है कि नगर को तभी स्वच्छ रखा जा सकता है जब आप हमारा साथ दे। हम वादा करते है कि एक दिन हम सब मिलकर गोहद को स्वच्छता के क्षेत्र में नई पहचान जरूर दिला सकते है आशीष शर्मा।

## मधुसुदनगढ़ नगर में जगह जगह सजाई जा रही माता रानी की झांकियां




रिर्पोटर प्रतिश अग्रवाल

**पुष्पांजली टुडे**

नगर मधुसुदनगढ़ में नवरात्रि महोत्सव के पावन पर्व पर शहर में मां जगदम्बे की सजाई गई अलौकिक झांकियां। जिसमे प्रसिद्ध श्री शीतला माता मंदिर तिलक चौक, श्री गोपाल जी मंदिर सुठालिया रोड, मां विंध्यवासिनी गुना रोड रेस्ट हाऊस ,जय माता दी चौराहा लटेरी रोड ,राजीव नगर,विधुत मंडल, एवं समस्त नगर में सजाई जा रही है माता की आकर्षक झांकियां। श्रद्धालु माता रानी के आकर्षक झांकियो के दर्शन कर ले रहे है धर्म लाभ।

# पेंशनर्स महासंघ को महत्वपूर्ण सफलता, बैठक में मुख्यमंत्री के साथ पूर्व मंत्री लाल सिंह आर्य भी उपस्थित रहे

महेंद्र शर्मा , उपसंपादक पुष्पांजली टुडे



ग्वालियर। दिलीप मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष, पेंशनर्स महासंघ ग्वालियर, मध्यप्रदेश व जिला मंत्री के. सी. शर्मा से प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 30 सितम्बर 2022 को माननीय मुख्यमंत्री जी ने सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी महासंघ के प्रतिनिधि मंडल से भेंट की तथा प्रतिनिधिमंडल ने मध्यप्रदेश के सभी संवर्ग के पेंशनरस को डी ए प्रदान करने हेतु छत्तीसगढ सरकार की अनुमति कीआवश्यकता न होने के संबंध मे पूर्ण जानकारी दी । इस अवसर पर पूर्व मंत्री श्री लालसिंह आर्य भी उपस्थित रहे । मुख्य मंत्री जी ने शीघ्र ही इस पर निर्णय लेकर मध्यप्रदेश के सेवा निवृत कर्मचारियों को लंवित डी ए देने का आश्वासन प्रतिनिधिमंडल को दिया ।

ज्ञात हो कि मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ सरकारों के बीच विवादित राज्य पुर्नगठन की धारा 49 को समाप्त करने और राज्य शासन के कर्मचारियो के समान मध्यप्रदेश के पेंशनर्स को भी डी ए दिये जाने की मांग महासंघ लगातार करतआ आ रहा है एवं यहधारा 49 को समाप्त किये जाने हेतु महासंघ के सरंक्षक श्री वसंत जी पुरोहित ने ग्वालियर एवं भिंड के सांसदों से केन्द्रीय गृह मत्री माननीय श्री अमित शाह जी को पत्र भी लिख वाये थे 7 कल पूर्व मंत्री माननीय लाल सिंह जी आर्य के अथक प्रयासों एवं श्री रमेश पठारिया जी की उपस्थिति एवं महासंघ के संरक्षक श्री वसंत पुरोहित जी के नेतृत्व में प्रदेश पदाधिकारी सर्वश्री खुर्शीद भाई, श्री सुखरवारे जी एवं प्रदेश मंत्री श्री सुरेश चन्द्र बादल जी माननीय श्री मुख्यमंत्री जी से मिलने वाले प्रति मंडल में शामिल थे।

इस गरिमामयी प्रतिनिधि मंडल को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री जी ने यह आश्वासन दिया है कि यह विवादित धारा 49 अतिशीघ्र समाप्त कर मध्यप्रदेश के पेंशनर्स को शेष 10 प्रतिशत लंवित डी ए घौषित किया जायेगा ।

महासंघ की नवगठित ग्वालियर इकाई के जिलाध्यक्ष अरूण शर्मा, उपाध्यक्ष दिलीप मिश्रा एवं जिला मंत्री के.सी.शर्मा सहित सभी जिला पदाधिकारियों और सदस्यों ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री जी, ग्वालियर एवं भिण्ड के माननीय सांसदों, पूर्व मंत्री माननीय श्री लाल सिंह आर्य तथा महासंघ के संरक्षक श्री वंसत पुरोहित सहित सभी प्रदेश पदाधिकारियों एवं राज्य कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष (राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त) श्री रमेश पठारिया जी का आभार व्यक्त किया है।

## मोहझरी में आज भी नजर आते हैं गांधीवादी विचारक



रितेश कटरे
ब्युरो चीफ
पुष्पांजलि टुडे

बालाघाट क्षेत्र के प्राचिन एवं गांधीवादी विचारों से ओतप्रोत बालाघाट जिले की विकासखण्ड लांजी अंतर्गत ग्राम मोहझरी के गांधी जयंती चौक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नमन कर उनका पुण्य स्मरण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय अवसरे जनपद उपाध्यक्ष ने सारगर्भित विचार रखते हुए कहा कि गांधीजी द्वारा बताया गया सत्य प्रेम करूणा आज भी प्रासंगिक हैं। सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र नाटक देखने के उपरांत उनके जीवन में बदलाव आया और उन्होंने अहिंसा के बल पर देश को आजादी दिलाई। किसी समय लांजी क्षेत्र का बौद्धिक एवं व्यापारिक केंद्र रहा ग्राम मोहझरी आज भी गांधिवादी विचारों से ओतप्रोत है। यहां कि पुण्य धरा पर संत तुकड़ोजी महाराज, संत विनोबा भावे के चरण पड़े। इसलिए यहां कि भूमी वंदनीय है।

**वैष्णव जन तो तेने कहिए....**

ग्राम मोहझरी में आज भी गांधीवादी विचारों की अलख जगाने वाले अनेक अनुयायी है, जो कि उनके विचारों का अलख जगा रहें हैं। ग्राम के ही प्रेमलाल पारधी 65 वर्ष की उम्र में भी गांधी निति का प्रचार प्रसार करते हुए पिछ्ले 15 वर्षों से गांधी जयंती पर हर वर्ष पद यात्रा करते हुए आसपास के गांवों में अस्पृश्यता निवारण का संदेश देने के साथ साथ हरिजन सेवक संघ का प्रचार भी कर रहे हैं। इसी तरह लगभग 80 वर्षिय बालाराम अवसरे भी इनके साथ में गांधी वादी अहिंसा नीति का प्रचार कर रहे हैं। कार्यक्रम का समापन 85 वर्षीय महेंद्र नाकतोडे के द्वारा रघुपति राघव राजा राम.... एवं वैष्णव जन तो तेने कहिए... भजन गाकर किया गया। इस अवसर पर अजय अवसरें उपाध्यक्ष जनपद पंचायत लांजी , बालाराम अवसरें सर्वोदय कार्यकर्ता ,कार्यक्रम अध्यक्ष महेंद्र नाकतोड़े ,भुनेश्वर रावते ,प्रेमलाल पारधी, रतिराम भागडकर , मनीष संतोष नाकतोड़े सरपंच मोहझरी , श्रीमती रीता कृष्णकांत रावते उपसरपंच , रामप्रसाद नाकतोड़े, प्रेमलाल नाकतोड़े, जितेन्द्र नाकतोड़े, दुर्गेश रावते, श्रीमती अंजलि पारधी एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## कृष्णा सेलिब्रेशन गरबा महोत्सव का उत्साह और उमंग के साथ हुआ समापन

### हिन्दु उत्सव समिति, डाक्टर्स एवं समाजसेवियों का किया सम्मान

### उत्कृष्ट प्रतिभागियों को किया पुरुस्कृत



सीहोर। कृष्णा सेलिब्रेशन गार्डन में माँ जगदम्बे की अराधना का प्रतीक गरबा महोत्सव के अंतिम दिवस हजारों की संख्या में उपस्थित माँ के भक्तों एवं प्रतिभागियों ने पुरी श्रद्धा भक्ति के साथ गरबा नृत्य किया। ज्ञातव्य है कि कृष्णा सेलिब्रेशन गार्डन में विगत कई दिनों से निःशुल्क गरबा प्रशिक्षण दिया जा रहा था। जिसमें सेकड़ों की संख्या में उत्साह के साथ प्रतिभागी गरबा महोत्सव के लिये अपनी रिर्हसल कर रहे थे। गरबा महोत्सव में हजारों की संख्या में उपस्थित माँ के भक्तों एवं गरबा प्रतिभागियों ने पुरे उत्साह के साथ गरबा कर माँ की अराधना की। गरबा का प्रारंभ गरबा संरक्षक पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा, पूर्व नपाध्यक्ष श्रीमती अमिता अरोरा एवं गरबा संयोजक बसंत दासवानी के द्वारा माता रानी की पूजन अर्चन माता रानी से जनमानस के सुख समृद्धि की कामना की। तत्पश्चात हिन्दु उत्सव समिति के अध्यक्ष आशीष गुप्ता सहित समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों, चिकित्सा क्षेत्र में अपनी सेवा दे रहे वरिष्ठ डॉ. आर.के. वर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता रामनारायण ताम्रकार सहित अन्य वरिष्ठ चिकित्सकों एवं वरिष्ठ समाजसेवियों को प्रतीक चिन्ह एंव अंगवस्त्र भेटकर सम्मान किया गया। गरबा संरक्षक जसपाल सिंह अरोरा द्वारा उत्कृष्ट गरबा प्रतिभागियों को ट्राफी से पुरुस्कृत किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ अधिवक्ता रामनारायण ताम्रकार, कमलेश अग्रवाल, राजेन्द्र नागर, मनोज गुजराती, घनश्याम यादव, रश्मी अग्रवाल भोपाल, ममता गुप्ता, श्रीमती शशि विजयवर्गीय, श्रीमती तारा अग्रवाल, रजनी भारती, संतोष अग्रवाल, हेमा अग्रवाल, मंजू बारिया, हेमलता राठौर, नवनीता श्रीवास्तव, पम्मी वादवा, सीमा व्यास, मुक्ति मालवीय, मालती अग्रवाल, मधु मिस्त्री, हेमा अग्रवाल, मंजू अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठजन उपस्थित रहे। अंत में जसपाल सिंह अरोरा ने सभी अतिथियों एवं माताओं बहनों का आभार व्यक्त किया।

## वर्षीय बालक दोस्तों के साथ नहाते समय तालाब में डूबा डूबने से हुई मौत

अरुण कुशवाह कोलारस रिपोटर पुष्पांजलि टुडे



खबर शिवपुरी जिले कोलारस -थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सरजापुर में तालाब में नहाते समय बालक डूबा जानकारी के अनुसार सुरेश कुशवाह पुत्र देवेंद्र कुशवाह उम्र करीब 12 वर्ष आज दोपहर करीब 12 बजे अपने दोस्तों के साथ पास के ही ग्राम सरजापुर के तालाब में नहाने के लिए घर से निकाल था नहाते समय तालाब में डूब गया है एसडीआरएफ की टीम की मदद से बालक की तलाश जारी है घटना की जानकारी लगते ही घटनास्थल पर पहुंचे कोलारस जनपद अध्यक्ष भरत सिंह चौहान परिजनों का रो रो कर हुआ बुरा हाल।

## पुष्पांजली टुडे के पत्रकार अनिल कुशवाह को नए बस स्टैंड पर सफेद कट्टे में मिली सफेद क्वाटर



थाने पहुंचकर पुलिस को किया सुपुर्द



शिवपुरी-खबर शिवपुरी के कोतवाली थाना अंतर्गत से आ रही है जिधर शिवपुरी के नए बस स्टैंड पर आज दोपहर के दरमियान ना बस स्टैंड स्थित पत्रकार अनिल कुशवाह एक दुकान पर खड़े थे जिधर से वे अपने घर की ओर जा रहे थे तभी एक अज्ञात व्यक्ति मौके पर एक थैले में शराब बेच रहा था अनिल कुशवाह की गाड़ी मेरा के माइक को देखकर वह अचानक से भाग गया जिधर पत्रकार अनिल कुशवाहा पास जाकर बोरे में देखा तो उस में सफेद रंग के देसी क्वार्टर थे जिसको लेकर वह कोतवाली थाना गए और कोतवाली टीआई सुनील खेमरिया के समक्ष सफेद थैले को सुपुर्द किया । जिसके बाद थाना कोतवाली टीआई ने मामला दर्ज करते हुए अज्ञात के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी।

## दबंगों द्वारा की गई निर्मम हत्या

रिपोर्टर - महेन्द्र सिंह रजक



पिछोर के ग्राम कछौआ में दबंगों द्वारा अच्छेलाल रजक की गोली मार कर निर्मम हत्या की आरोपी इंदर पाल कदम पाल जीतू पाल ब्रजेश पाल कुँवरराज पाल जगदीश पाल अनूप पाल जनवेश पाल सेवक पाल सुनील लोधी के द्वारा हत्या की गई पुलिस ने हत्या के आरोपियों पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया आरोपियों पर जल्द से जल्द सजा होनी चाहिए और परिवार को न्याय मिलना चाहिए इस घटना से पूरे रजक समाज मे रोष है और रजक समाज का कहना है कि अगर अच्छेलाल के परिवार को न्याय नहीमिला तो रजक समाज सड़को पर उतरेगा।

## गांधी जयंती पर भाण्डेर मे विश्वकर्मा जन संगठन का सदस्यता ग्रहण एवं टीशर्ट वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ

महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे



आज भाण्डेर जिला दतिया मे विश्वकर्मा जन संगठन के भाण्डेर विधानसभा के अध्यक्ष श्री कालीचरण विश्वकर्मा जी के नेतृत्व में सदस्यता ग्रहण,टीशर्ट वितरण एवं सामाजिक परिचर्चा का कार्यक्रम रखा गया ।जिसमें अतिथि के रूप में संगठन के प्रदेशाध्यक्ष मनोज विश्वकर्मा जी प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ.बेताल विश्वकर्मा जी दतिया ग्रामीण अध्यक्ष श्री सुल्तान विश्वकर्मा जी ग्वालियर ग्रामीण अध्यक्ष श्री छबिराज विश्वकर्मा जी ग्वालियर पूर्व अध्यक्ष श्री जुगलकिशोर विश्वकर्मा जी सुदामा विश्वकर्मा प्रदेश कार्यालय प्रभारी ग्वालियर विधानसभा अध्यक्ष श्री राजेंद्र विश्वकर्मा जी एवं समाज के वरिष्ठजनों की उपस्थिति मैं कार्यक्रम संपन्न हुआ एवं उनके द्वारा बताया गया कि हम समस्त विश्वकर्मा वंशियों को एकजुट होकर समाज हित मे काम करना चाहिए एवं श्री विश्वकर्मा पूजा के उपलक्ष्य मैं ग्वालियर मैं भव्य कार्यक्रम करने के लिए हमें संकल्पित होकर तन मन धन से सहयोग करना है और कार्यक्रम को सफल बनाना है इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन श्री भागीरथ विश्वकर्मा श्री महेश कुमार पांचाल श्री मुन्नालाल विश्कर्मा श्री परमानंद विश्वकर्मा श्री दीपक विश्वकर्मा दतिया श्री अवधेश झा दतिया श्री सुनील विश्वकर्मा श्री देवेश कुमार विश्वकर्मा श्री अमरनाथ विश्कर्मा श्री पंकज विश्वकर्मा राजेंद्र विश्कर्मा श्री कल्लू विश्कर्मा श्री जितेंद्र विश्कर्मा श्री अखिलेश विश्वकर्मा श्री सतीश विश्वकर्मा श्री रामेश्वर विश्वकर्मा श्री राजू विश्वकर्मा श्री प्रदीप विश्वकर्मा श्री संतोष विश्वकर्मा श्री पवन विश्वकर्मा श्री पूरन विश्वकर्मा श्री अनुज विश्वकर्मा श्री महेंद्र विश्वकर्मा श्री बबलू विश्वकर्मा श्री मनीष विश्वकर्मा श्री राकेश विश्वकर्मा श्री कल्लू विश्वकर्मा श्री प्रकाश विश्वकर्मा श्री गणेश लाल विश्वकर्मा श्री राजेंद्र विश्वकर्मा श्री चंद्रप्रकाश विश्वकर्मा श्री राहुल पांचाल श्री मनोज विश्वकर्मा श्री प्रेम नारायण इत्यादि लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।

### मितेन्द्र दर्शन सिंह को कांग्रेस संगठन चुनाव मध्यप्रदेश से प्रदेश प्रतिनिधि बनाया गया



**ग्वालियर।** युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव मितेंद्र दर्शन सिंह को कांग्रेस संगठन चुनाव में मध्यप्रदेश से प्रदेश प्रतिनिधि बनाया गया है। युवा कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं और कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं मित्रगणों ने उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं।

### मुंडन संस्कार 5 को

**ग्वालियर।** हिंदू जनरल पंचायत ग्रेटर ग्वालियर द्वारा गठित पंगति सुधार कमेटी का मुंडन संस्कार कार्यक्रम दशहरा 5 अक्टूबर को झूलेलाल मंदिर में होगा। समारोह में सिंधी समाज के बच्चों का हिंदू रीति रिवाज के अनुसार मुंडन संस्कार किया जाएगा। बच्चों को हरिद्वार से लाए हुए गंगाजल से स्नान कराकर मथुरा से लाए हुए वस्त्र पहनाए जाएंगे।

### घर पर वरिष्ठ सदस्य के होने से बरगद जैसी छाया महसूस होती है- कौशलेंद्र विक्रम सिंह


**ग्वालियर।** कोरोंना काल में हमने सयुक्त परिवार के महत्व को समझा व यह महसूस किया कि एकल परिवार में हम अपने को कितना अकेला पते है। उक्त उद्‌गार ग्वालियर की जिलाधिकारी कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान द्वारा अंतरराष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि की आसन्दी व्यक्त किये। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ श्री अखिलेश तिवारीने अपने दादा जी और पिता जी के साथ बिताए जा रहे पलो को साझा किया वा सभी युवाओं को यह संदेश दिया कि अपने बुजुर्गो के साथ बैठने से ज्ञान का भंडार प्राप्त होता है। इस अवसर पर 75 वर्ष अधिक आयु के 13 वरिष्ठ जन का सम्मान किया गया। इससे पहले स्वागत भाषण संस्था के अध्यक्ष अशोक खंडेलवाल ने दिया वा संस्थान

## रेड लाइट एरिया बदनापुर में पुलिस की रेड़

# 6 नाबलिग बच्चियां मिली, 3 युवक और एक महिला पकड़ी

- बच्चियों की खरीद फरोख्त को लेकर पूछताछ शुरू
- तीन बच्चियों के जन्मप्रमाण पत्र नहीं दिखा सके





**ग्वालियर।** जिस्मफरोशी के लिए बदनाम रेड लाइट एरिया बदनापुर में शनिवार तडके करीब 4 बजे ही पुलिस ने रेड डाली। गांव के लोग अभी गहरी नींद में सो रहे थे कि अचानक पुलिस को देखकर गांव में हडकंप मच गया। चूकि पुलिस बल काफी संख्या में था इसलिए गांववाले विरोध नहीं कर सके। पुलिस ने तलाशी ली तो छह नबालिग बच्चियां मिली। जिसमें तीन बच्चियों के न जन्मप्रमाण पत्र न अन्य कोई दस्तावेज मिले है। तीनों बच्चियों की उम्र 10 से 15 साल के बीच है।पुलिस को शंका है कि इन बच्चियों को मानव तस्करी के लिए रखा गया था। मौके से 3 युवक और एक महिला को हिरासत मे लेकर पूछताछ की जा रही है।

पुलिस को खबर मिली थी कि बदनापुरा में मानव तस्करी और देहव्यापार हो रहा है। खबर मिलने पर एसएसपी अमित सांघी के निर्देशन में एएसपी मृगांखी डेका, एएसपी क्राइम राजेश डंडोतिया, क्राइम ब्रांच के डीएसपी ऋषिकेश मीणा, क्राइम ब्रांच प्रभारी दामोदर गुप्ता और उनकी टीम को लगाया। रात 12 बजे तीन टीमें बनाई गई। इसमें महिला पुलिसकर्मी भी शामिल थी। रातभर पूरी प्लानिंग करने के बाद तड़के 4 बजे पुलिस की टीम ने पूरे गांव को चारों तरफ से घेर लिया। करीब दो घंटे में पुलिस ने एक-एक घर की तलाशी ली। जहां 6 संदेही बालिका मिली। बाद में 3 के दस्तावेज मिल गए। लेकिन 3 बच्चियों के कोई दस्तावेज गांववाले उपलब्ध नहीं करा सके। पुलिस उन्हें अपने साथ ले आई। साथ ही राहुल और उसके दो साथी और एक महिला को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है। अब पुलिस इन तीनों बच्चियों के संबंध में तस्दीक कर रही है। क्योंकि यहां बालिकाओं की खरीद-फरोख्त के मामले पहले भी सामने आ चुके हैं। जिन्हें बेचने के बाद देह व्यापार के दलदल में धकेल दिया गया। यह ऑपरेशन दो घंटे 4 से छह बजे तक चला। 3 बच्चियां दूसरे शहरों की रहने वाली है। यहां कैसे आई इस संबंध में इनसे पूछताछ चल रही। वही जिनके यहां रह रही थी वह इन्हें खुद को अपना रिश्तेदार बता रहे हैं।

#### झांसी में गोद लेने के बहाने बेची गई मासूम का लिंक इसी गांव से मिला

मऊरानीपुर निवासी नैना कंजर करीब 11 महीने से वांटेड थी। उसका लिंक बदनापुरा में बच्चियों की खरीद फरोख्त करने वाले आकाश धनावत और उसकी भाभी माया से रहा है। नैना और उसके दामाद अनिकेत कंजर निवासी वैदोरा, झांसी ने गांव निवासी गरीब मजदूर दंपती की छह महीने की बच्ची को गोद लेने के बहाने बेचा था। अनिकेत कंजर और नैना ने बच्ची को बदनापुरा में आकाश धनावत के हवाले कर दिया था। करीब तीन महीने तक नवजात जिस्म फरोशी के लिए युवतियों की खरीद फरोख्त करने वालों के कब्जे में रही। आकाश की भाभी माया उसे अपने पास रखी थी। घटना पता चलने पर आकाश के घर दबिश देने पर बच्ची बरामद हुई थी। पूछताछ में माया धनावत यह नहीं बता सकी थी कि बच्ची से उसका क्या रिश्ता है।

#### एक महीने पहले मुरैना पुलिस ने भी डाली थी दबिश

अभी एक महीने पहले 23 अगस्त को मुरैना और ग्वालियर पुलिस ने मिलकर बदनापुरा में दबिश दी थी। मुरैना के सिटी कोतवाली इलाका स्थित ज्ञानेश्वरी आश्रम में रह रहीं तीन लड़कियां अचानक गायब हो गईं। उनकी तलाश शुरू की तो एक लापता का मोबाइल ऑन मिला। मोबाइल की लोकेशन मुरैना-ग्वालियर के बॉर्डर पर बसे बदनापुरा गांव के पास मिली। मुरैना के सिटी कोतवाली थाना पुलिस की एक टीम ग्वालियर के पुरानी छावनी थाना स्थित बदनापुरा गांव पहुंची। मुरैना पुलिस ने जैसे ही गांव के एन्ट्री गेट पर कदम रखा तो विरोध का सामना करना पड़ा। वहां लोगों ने पथराव कर मुरैना पुलिस की टीम को खदेड़ दिया।

#### इस तरह युवतियों की खरीद फरोख्त

- सांई बाबा मंदिर से तीन साल की मासूम बच्ची को अगवा करने में पकड़ी गई लक्ष्मी जाटव और रामहेत ने भी खुलासा किया था गरीब परिवारों की बच्चियां चोरी कर आकाश धनावत को बेचते थे।
- लक्ष्मी और रामहेत की गैंग से 9 बच्चियां बरामद हुई थीं जिन्हें आरोपियों ने बदनापुरा में बेचा था।

## गौ हत्या पर त्वरित कार्यवाही करने वाले पुलिस अधिकारियों का किया सम्मान

**ग्वालियर।** महाराजपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चकरपुरा गांव में मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा गौ हत्या किए जाने का मामला पिछले दिनों सामने आया था। जिसमें पुलिस प्रशासन द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपियों को पकड़ा और जेल की कार्यवाही की गई।



ग्वालियर। सीएसपी रवि भदौरिया जी का सम्मान करते हुए गौ प्रण संस्था के अध्यक्ष विष्णु भदौरिया



ग्वालियर। सीएसपी रवि भदौरिया जी का सम्मान करते हुए अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश संगठन मंत्र वंशीवाले सरकार (टीपू बैस)

इसको लेकर गौ माता की सेवा के लिए कार्य करने वाली सामाजिक संस्था गौ प्रण और क्षत्रिया महासभा ने संयुक्त रूप से मिलकर सीएसपी रवि भदौरिया का सम्मान किया। इस दौरान गौ प्रण संस्था के अध्यक्ष विष्णु प्रताप भदौरिया, सचिव, रामकुमार चौहान, कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र तोमर सहित क्षत्रिय महासभा के प्रदेश संगठन मंत्री वंशी वाले सरकार (टीपू बैस), वंशू बैस, करन बैस सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## श्रीमद्भागवत कथा में श्रीकृष्ण- रुक्मिणी विवाह का प्रसंग हुआ



ग्वालियर। मुरार के बहरा पंडित संतर में महेंद्र गुप्ता द्वारा कराई जा रही श्री भागवत कथा में कथावाचक आचार्य अंबिका प्रसाद पचौरी ने रास पंच अध्याय का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय है। उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण है। जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस का वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, कालयवन का वध, उद्धव गोपी संवाद, उद्धव द्वारा गोपियों को अपना गुरु बनाना, द्वारका की स्थापना व रुकमणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण पाठ किया गया। भारी संख्या में भक्तगण दर्शन के लिए शामिल हुए। कथा के दौरान आचार्य अंबिका प्रसाद पचौरी ने कहा कि महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया। महारास लीला द्वारा ही जीवात्मा परमात्मा का ही मिलन हुआ। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने 16 हजार कन्याओं से विवाह कर उनके साथ सुखमय जीवन बिताया। भगवान श्रीकृष्ण रुकमणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया। कथा स्थल पर रुक्मिणी विवाह के आयोजन ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। श्रीकृष्ण रुक्मिणी की वरमाला पर जमकर फूलों की बरसात हुई। कथा वाचक ने कहा कि जीव परमात्मा का अंश है, इसलिए जीव के अंदर अपारशक्ति रहती है। यदि कोई कमी रहती है, वह मात्र संकल्प की होती है। संकल्प व कपट रहित होने से प्रभु उसे निश्चित रूप से पूरा करेंगे। रुक्मणी विवाह महोत्सव प्रसंग पर उन्होंने कहा कि रुक्मिणी के भाई रुक्मि ने उनका विवाह शिशुपाल के साथ सुनिश्चित किया था, लेकिन रुक्मिणी ने संकल्प लिया था कि वह शिशुपाल को नहीं केवल गोपाल को पति के रूप में वरण करेंगे। उन्होंने कहा शिशुपाल असत्य मार्गी है। द्वारिकाधीश भगवान श्री कृष्ण सत्य मार्गी है। इसलिए वो असत्य को नहीं सत्य को अपनाएंगी। अंत भगवान श्रीद्वारकाधीशजी ने रुक्मणी के सत्य संकल्प को पूर्ण किया।

#### ढ़ाई महीने महिला को बंधक बनाकर रखा

## कभी इंजेक्शन लगाकर तो कभी पिस्टल मुंह पर रखकर करते रहे बलात्कार

### आरोपियों में पीड़िता का जीजा, एक शिक्षक सहित 5 लोगों पर गैंगरेप का मामला दर्ज

**ग्वालियर।** ढ़ाई महीने महिला को बंधक बनाकर रखा। उसे कभी इंजेक्शन लगाकर बेहोश कर देते तो कभी नशीली दवाई पिला देते। जब वह होश में नहीं रहती तो उसे हवस का शिकार बनाते। उसे धमकी दी जाती कि अगर मुंह खोला तो पति और बच्चो को जान से मार देगे। डर के कारण पीड़िता सब कुछ सहती रही। किसी तरह पति को उसके ठिकाने का पता चल गया। उसने पुलिस को बताया। पुलिस ने दबिश देकर महिला को मुक्त कराकर पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया। आरोपियों मे एक पीड़िता का जीजा, दूसरा शिक्षक, तीसरा सिक्योरिटी संचालक सहित 5 लोग शामिल है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया है। पीड़िता शादीशुदा है उसका पति एक कोल्डस्टोरेज मं काम करता है। महिला के दो बेटे और एक बेटी भी है। पीड़िता ने बताया कि पति से अनबन होने पर वह घर से चली गई थी। इस पर पति ने गुमशुदगी दर्ज कराई। कुछ दिन बाद वह घर आ गई। उसे नारी निकेतन भेज दिया गया। कुछ दिन वहा रखने के बाद उससे कहा कि वह कहां जाना चाहती है तो उसने कहा कि वह मायके जाएगी। इसके बाद वह नारी निकेतन से 8 मई को अपने मायके जा रही थी। तभी रास्ते में रामू महंत, अवधेश शर्मा, सुरेश शर्मा, विनोद तोमर और उमेश ने अगवा कर एक गाडी में डाल लिया। फिर उसे दतिया जिले मे थरेट जीजा के घर लेकर पहुंचे। वहां उसे बंधक बनाकर रखा गया। कभी उसे इंजेक्शन लगाते तो कभी कोल्ड ड्रिंक मे नशीली चीज मिलाकर पिला देते। जब वह बेहोश हो जाती तो उसके साथ गैंगरेप होता।

**विरोध पर मुंह में पिस्टल लगा देते:** कभी उसे होश आता और वह विरोध करती तो उसके हाथ-पैर बांध दिए जाते। उसके मुंह पर पिस्टल अड़ा दी जाती। धमकी दी जाती कि पति और बच्चों को जान से मार दिया जाएगा। इसके बाद वह लोग रेप करते। पीड़िता ने बताया कि आरोपियों में विनोद तोमर एक सरकारी स्कूल में शिक्षक है। जबकि अवधेश सिक्यारिटी चलाता है। बाकी दो किसान है।

**पति को भनक लगी तो पुलिस को बताकर पत्नी को मुक्त कराया:** उधर पति उसे लगातार ढूढ रहा था। उसे किसी तरह मालूम चला कि पत्नी को थरेट में उसे साढू के घर बंधक बनाकर रखा है। उसने दतिया पुलिस को बताया। दतिया पुलिस ने महिला थाने की मदद से वहां दबिश दी और उसे मुक्त कराया। चूकि अपहरण कंपू इलाके से हुआ था। इसलिए दतिया पुलिस ने पीड़िता को कंपू थाने भेज दिया। पीड़िता की शिकायत पर रामू महंत, अवधेश शर्मा, सुरेश शर्मा, विनोद तोमर, उमेश सिंह के खिलाफ गैगरेप, जान से मारने की धमकी सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

**आरोपियों के धमकाने से बच्चे नहीं जा पा रहे स्कूल:** पीड़िता ने बताया कि अभी बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई। वह लोग लगातार धमका रहे है कि राजीनामा कर लो नहीं तो पति और बच्चो को मार दिया जाएगा। पीड़िता ने बताया कि आरोपियों की धमकी से तीनो बच्चे स्कूल पढ़ाई करने नही जा पा रहे है। पीड़िता का कहना है कि जल्द से जल्द बाकी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए।

### महाराज अग्रसेन का दरबार सजा, गरबा व डंडिया किया

**ग्वालियर।** अग्रवाल महासभा द्वारा जीवाजी क्लब में दो दिवसीय मेला में महाराज अग्रसेन का दरबार सजाया गया। महाराज अग्रसेन व उनके 18 पुत्रों की महाआरती महापौर विधायक डा सतीश सिकरवार व महापौर डा शोभा सिकरवार व महासभा के अध्यक्ष अशोक गोयल के साथ की। मेला का शुभारंभ होने के बाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। प्रबुद्धजन संगोष्ठि में वक्ताओं ने कहा कि समाज जागरूक भी है। बस संगठित होकर अपने अधिकारियों के लिये आगे बढ़ने की जरूरत है। शाम को गरबा-डंडिया रास का आयोजन किया गया।

## बकायेदारों के कनेक्शन काटेगी कंपनी व चोरी पकड़ने भी जाएगी



**ग्वालियर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बिचली चोरी पकड़न व बकायेदारों के कनेक्शन काटने के लिए अलग-अलग टीमें बनाई हैं। साथ ही बकायेदारों पर कार्रवाई की जाएगी। शनिवार को अलग-अलग क्षेत्रों में कार्रवाई की जा सकती है। संदिग्ध मीटर को उखाड़ा जाएगा। ज्ञात है कि बिजली कंपनी जितने भी मीटर लैब में चैक करने भेज रही है, उसमें 80 फीसद से ज्यादा मीटरों में चोरी निकल रही है। शहर में इन दिनों उमस भरी गर्मी हो रही है। इस कारण बिजली की लाइनों पर लोड बढ़ गया है। शहर में जितनी बिजली आपूर्ति की जा रही है, उसका 40 फीसद हिस्सा बिजली चोरी में चला जाता है। बिजली कंपनी जो बिलिंग करती है, वह उस बिलिंग का भी पूरा पैसा नहीं आता है। बिजली ने बिजली चोरी करने वालों के खिलाभ अभियान चालया है। यह अभियान उन इलाकों में चलाया जा रहा है, जहां पर एसी का उपयोग बढ़ा है। मीटर में छेड़छाढ़ करके उसे धीमा किया जा रहा है। ऐसे मीटरों पर कार्रवाई की तैयारीकी है। जानकारी के अनुसार सिटी सेंटर, कंपू, लश्कर, थाटीपुर, मुरार में बिजली चोरों के खिलाफ अभियाजन चलाया जाएगा। अबतक 400 मीटर जब्त हो चुके हैं, ये मीटर संदिग्ध थे। इनकी लैब में जांच चल रह है। जांच के बाद बिजली चोरी का केस दर्ज कर बिल जारी किया जाएगा।

### 5 हजार से अधिक बकायेदारों के कटेंगे कनेक्शन

बिजली कंपनी ने बकाया वसूल करने के लिए भी अभियान शुरू कर दिया है, जिन उपभोक्ताओं पर दस हजार से ज्यादा का बकाया है, उनके कनेक्शन काटे जा रहे हैं। पोल टू पोल बिजली काटी जाएगी। पांच हजार से अधिक का बकाया होने पर कनेक्शन काटा जाएगा। बिजली कंपनी बकायेदारों को पहले फोन व मैसेज भेजकर बकाया जमा करने की सूचना दे रही है। यहि बिजली का कनेक्शन कटता है और उसे दुबारा जुड़वाया जाता है तो 360 रुपये अतिरिक्त देने होंगे। क्योंकि कनेक्शन जोड़ने का शुल्क बढ़ गया है।

#### कागजों में स्वच्छता अभियान का परिणाम रैंकिंग में फिर निकले फिसड्डी

## स्वच्छता अभियान के नाम पर नगर निगम के अधिकारी हुए मालामाल



**ग्वालियर।** स्मार्ट सिटी बन चुके शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण में अब्बल लाने के लिए चलाए गए स्वच्छता अभियान का परिणाम शनिवार को सामने आ गया है । केन्द्र सरकार द्वारा जारी स्वच्छता रैंकिंग में ग्वालियर देश में 18वें नंबर पर रहा है। स्वच्छता में 10 लाख आबादी वाले शहरों में 15वें स्थान से फिसलकर 18वें स्थान पर पहुंच गया है,। जबकि ओवरऑल रैंकिंग में भी 43वें स्थान से 53वें पायदान पर पहुंच गया है। प्रदेश में ओवर ऑल रैंकिंग में 14वां स्थान पर पहुंच गए हैं। ओवर ऑल रैंकिंग में देश में ग्वालियर का बुरा हाल हुआ है, स्वच्छता सर्वेक्षण के आए परिणाम से यह तो साबित हो गया कि महानगर में स्वच्छता अभियान के नाम पर केवल कागजों में सफाई अभियान चलता रहा जिसका नतीजा यह हुआ कि हम स्वच्छता सर्वेक्षण में फिर नीचे आ गए हैं। शहर को भले ही पोडियम घोषित कर दिया गया हो लेकिन आज भी महानगर के पॉश इलाकों में रहने वाले मजदूर वर्ग के लोग खुले में शौच करते नजर आ रहे हैं। जगह-जगह लगे कचरे के ढेर किस बात की गवाही दे रहे हैं नगर निगम का स्वच्छता अभियान केवल दिखावा है। इन 3 सालों में 3 निगमायुक्त आ चुके लेकिन शहर की दशा फिर भी नहीं बदली है। स्वच्छता अभियान के नाम पर नगर निगम के आला अधिकारियों और कर्मचारियों की आर्थिक दशा में जरूर सुधार हुआ है। वहीं इस मामले में स्मार्ट सिटी का योगदान भी कम नहीं है स्मार्ट सिटी बनाने के नाम पर शहर की जगह जगह की गई खुदाई भी स्वच्छता सर्वेक्षण में पिछड़ने का एक कारण माना जा रहा है। नगर निगम का अमला और अन्य प्रशासनिक अधिकारी जो स्वच्छता की रैंक को बनाने में मेहनत कर रहे रहें उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती शहर के लोगों की मानसिकता को बदलना है। इंदौर, भोपाल में डेयरियां शहर से बाहर हो चुकी हैं, लेकिन ग्वालियर में शहर के अंदर डेयरियां संचालित हैं। भैंस को गोबर को सीवर में बहाया जा रहा है, इसके अलावा कॉलोनियों में पड़े खाली प्लॉट भी कचरे दान बन चुके हैं ।कॉलोनियों और बस्तियों में भले ही सफाई कर्मचारी झाड़ू लगाने आते हो लेकिन कचरा उठाने का समय नगर निगम के सफाई कर्मचारियों के पास नहीं है । कई इलाकों में तो डोर टू डोर कचरा कलेक्शन मान भी नहीं पहुंचते हैं जिसके कारण लोग घरों का कचरा सड़कों पर या खाली पड़े प्लाटों में फेंकने को मजबूर हैं। जगह-जगह लगे कचरे के ढेर भी इस बात का सबूत है ।अगर नगर निगम शहर की साफ सफाई के मामले में इसी तरह लापरवाही बरत आ रहा तो अगली साल के स्वच्छता सर्वेक्षण में ग्राफ और नीचे आएगा। वैसे नगर निगम स्वच्छता सर्वेक्षण में अब्बल ना आने के लिए स्वच्छता अभियान के नाम पर करोड़ों रुपए प्रति वर्ष उनको रहा है लेकिन उसके बाद भी शहर में चारों तरफ गंदगी पसरी नजर आ रही है इससे साफ है कि नगर निगम का काम कागजों पर अधिक और धरातल पर कम ही हो रहा है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478